mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-263 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
22 सितंबर 2024 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



ऋषभ पंत नहीं ...

@ पेज 7

# फारुक अब्दुल्ला ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद लाए

**● अमित शाह बोले-तीन परिवारों ने घाटी में दहशतगर्दी फैलाई ● कहा-90 के दशक में यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। मेंढर में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा- 90 के दशक में फारुक की मेहरबानी से आतंकवाद आया। 90 के दशक में यहां बहुत गोलीबारी होती थी, क्योंकि यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे। शाह ने कहा कि अब पाकिस्तान नरेंद्र मोदी से डरता है। इनकी हिम्मत नहीं है गोलीबारी करने की। अगर गोलीबारी की तो मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे। ये चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का



शासन खत्म करने वाला चुनाव है। तीनों परिवार ने यहां जम्हूरियत और चुनावों को रोक कर रखा था। इन्होंने पूरे जम्मू-कश्मीर में 90 के दशक से 2014 तक दहशतगर्दी फैलाई। 40 हजार युवा मारे गए। अमित शाह मेंढर के बाद पूंछ, थानामंडी, राजौरी और अखनूर में भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। शाह का 5 दिन में यह दूसरा दौरा है। इससे पहले 16 सितंबर को उन्होंने पाड्डर नागसेनी, किश्तवाड़ और



रामबन में जनसभा की थी। 1947 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ लड़े गए हर जंग में जम्मू-कश्मीर के सैनिकों ने भारत की रक्षा की है। 1990 के दशक में जब आतंकवाद आया, तो यह मेरे पहाड़ी, गुर्जर और बकरवाल भाई ही थे, जिन्होंने सीमाओं पर बहादुरी से गोलियों का सामना किया। हम हर घर में एक महिला को 18 हजार का चैक सालाना देंगे। सीधा बैंक अकाउंट में ये चैक जाएगा। ईद और मुहर्रम के मौके पर 2 गैस के सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। किसानों को मिल रहे 6 हजार रुपए 10 हजार में बदलेंगे।

# मुंबई की धारावी बस्ती में बीएमसी की टीम पर हमला

**● मस्जिद का अवैध हिस्सा गिराने गई 2 गाड़ियों में तोड़-फोड़, ऐक्शन पर 8 दिन की रोक**

**मुंबई (एजेंसी)।** बृहन्मनमुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों की एक टीम शनिवार सुबह धारावी पहुंची। यहां महबूब-ए-सुभानी मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराया जाना था। टीम सुबह 9 बजे धारावी की 90 फीट रोड पर पहुंची। खबर लगते ही मुस्लिम समाज समेत बस्ती के लोग इकट्ठा हो गए और टीम को रोक दिया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने बीएमसी की दो गाड़ियों में तोड़-फोड़ कर दी। हालात संभालने के लिए बड़ी तादाद में पुलिस को तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों को एक दल पुलिस और बीएमसी से चर्चा करने गया। इसके बाद बीएमसी ने आज डिमोलिशन एक्शन को



रोक दिया है। साथ ही मस्जिद कमेटी को 8 दिन का समय दिया है। हालांकि मुस्लिम पक्ष ने बीएमसी के खिलाफ कोर्ट जाने का फैसला किया है। मस्जिद पर एक्शन करने पहुंची बीएमसी की टीम ने एक बयान जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के बाद सूरत में ट्रेन पलटाने की कोशिशें नाकाम

● अप लाइन ट्रैक पर रखी थीं फिश प्लेट और चाबियां

**सूरत (एजेंसी)।** देश में रेल हादसों की कोशिशों पर रोक नहीं लग पा रही है। कुछ असामाजिक तत्व और अपराधी लगातार ऐसी साजिशें कर रहे हैं, जिससे घटनाएं बढ़ रही हैं। ताजा मामला गुजरात के सूरत का है। शनिवार को सूरत के



किम रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से फिश प्लेट और चाबियां मिलीं। इसकी जानकारी से रेल महकमे में खलबली मच गई। जिन लोगों ने ऐसी हरकत की है, उनका इरादा ट्रेन को पटरी से उतारने का था, लेकिन रेल अधिकारियों की सतर्कता से यह प्रयास विफल हो गया। पश्चिमी रेलवे के वडोदरा डिवीजन ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने अप लाइन से फिश प्लेट और चाबियां खोलकर ट्रैक पर रख दीं।

### देश का राजा ऐसा हो जो आलोचना झेल सके

**नितिन गड़करी बोले**

● उस पर आत्मचिंतन करें, यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा

पुणे (एजेंसी)। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजा (शासक) को ऐसा होना चाहिए कि कोई उसके खिलाफ बात करे, तो उसे बर्दाश्त करे। आलोचनाओं का आत्मचिंतन करे। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा होती है। गडकरी ने ये बातें पुणे में शुक्रवार को वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कही। गडकरी ने कहा कि साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और कवियों को अपने विचार खुलकर और दृढ़ता से व्यक्त करने चाहिए।



### सरकारों को मंदिरों का नियंत्रण हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए

● तिरुपति लड्डू विवाद पर अब वीएचपी भी कूदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शुक्रवार को कहा कि तिरुपति मंदिर के लड्डू में पशुओं की चर्बी का कथित इस्तेमाल असहनीय है और यह मांग की कि



आंध्र प्रदेश सरकार मंदिर का नियंत्रण व प्रबंधन हिंदू समाज को सौंप दे। विहिप के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने देश भर में सभी मंदिरों और हिंदुओं के अन्य देवालयों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की भी मांग की। उन्होंने तिरुपति के प्रसाद को अपवित्र करने में कथित तौर पर शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह होंगे वायुसेना के नए चीफ

**वीआर चौधरी की लेंगे जगह,30 को संभालेंगे कार्यभार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने नए एयर चीफ की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह 30 सितंबर को देश के नए एयर चीफ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। गौरतलब है कि मौजूदा एयर चीफ वी आर चौधरी 30 सितंबर को ही रिटायर हो रहे हैं। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 1984 में वायुसेना में कमीशन प्राप्त किया था। वो कई अहम पदों को संभाल चुके हैं। वह वाइस एयर चीफ के अलावा सेंट्रल एयर कमांड के ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ रह चुके हैं। सरकार ने नए एयर चीफ की नियुक्ति में वरिष्ठता का ध्यान रखा है। एयर मार्शल सिंह एक फाइटर पायलट हैं। पिछले साल फरवरी में वाइस एयर चीफ बनने से पहले सिंह कई अहम जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। एयर मार्शल सिंह के पास अनेक तरह के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर उड़ाने का अनुभव है।



# गलत हुआ उसके साथ,गांव की लड़कियां उसके जैसा बनना चाहती हैं

**● विनेश फोगाट को मिल रहा महिलाओं का साथ,बड़ी मात्रा में प्रचार में जुट रहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव और रोचक हो गया है। ओलंपिक खिलाड़ी विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर जुलाना विधानसभा से चुनाव लड़ रही हैं। उनकी सभाओं में भीड़ भी आ रही है। कड़ी धूप में भी लोग उन्हें सुनने के लिए आ रहे हैं। रामकली गांव में विनेश फोगाट चुनाव प्रचार के लिए पहुंची थी और हजार से अधिक लोग पहुंच गए। रामकली गांव के सरपंच रामतीरथ सिंह ने 50 किलो देसी घी के लड्डू का आर्डर दिया है। उन्होंने बात करते हुए कहा कि हम विनेश फोगाट के वजन के बराबर गांव में लड्डू बंटवाएंगे। राम तीरथ सिंह को लगता है कि पेरिस में विनेश का साथ भारत सरकार ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाई साहब सरकार ने साथ नहीं दिया, उन्हें साथ देना चाहिए था।



# 24 घंटे बंद रहने के बाद खुला झारखंड और बंगाल बॉर्डर

**● गवर्नर की सीएम ममता को हिदायत-अपना फर्ज निभाएं,बाढ़ के लिए किसी को दोष न दें**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल-झारखंड बॉर्डर करीब 24 घंटे बंद रहने के बाद अंतरराज्यीय व्यापार के लिए ट्रकों की आवाजाही के लिए फिर से खोल दी गई है। 19 सितंबर को ममता ने दामोदर घाटी निगम पर बाढ़ के आरोप लगाने के बाद इसे 3 दिन तक बंद करने का आदेश दिया था। जिसके कारण एनएच-2 और एनएच-6 पर ट्रकों की 20 से 25 किमी लंबी लाइन लग गई थी। ममता के आदेश के बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने स्पष्टीकरण मांगा था। इससे पहले बोस ने सीएम ममता को लेटर लिखकर सलाह दी थी कि वे अपनी ड्यूटी करें, डीवीसी को बाढ़ के लिए दोषी न ठहराएं।



# अक्टूबर में बड़ी सौगात देने की तैयारी में पीएम मोदी

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए लॉन्च होगी आयुष्मान भारत योजना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार आने वाले अक्टूबर महीने में बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। विस्तारित आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लॉन्च की जाएगी, जिसमें 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोग शामिल होंगे। भले ही उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में शुरू की जाने वाली इस विस्तारित योजना से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के लगभग 6 करोड़ नागरिकों को लाभ मिलेगा। एबी



पीएम-जेएवाई के तहत पहले से ही कवर किए गए परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वयं के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा। इसे उन्हें 70 वर्ष से कम आयु के परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे एबी पीएम-जेएवाई के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

**ऑनलाइन वैक्सीन मैनेजमेंट पोर्टल यू-विन की तैयारी**

पीएम मोदी अक्टूबर में ऑनलाइन वैक्सीन मैनेजमेंट पोर्टल यू-विन की भी शुरुआत करेंगे, जिसे फिलहाल प्रायोगिक आधार पर ऑपरेट किया जा रहा है। यह पोर्टल गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ जन्म से लेकर 17 वर्ष की आयु तक के बच्चों के टीकाकरण और दवाओं का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, यह पोर्टल 11 क्षेत्रीय भाषाओं में काम करेगा और किसी भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें स्व-पंजीकरण सुविधा और स्वचालित संदेश अलर्ट की सुविधा भी होगी। जेपी नड्डा ने बताया कि 16 सितंबर तक 6.46 करोड़ लाभार्थियों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया। 1.04 करोड़ टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए और 23.06 करोड़ टीके लगाए गए। नड्डा ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

# दिल्ली में 'आतिशी' पारी शुरू, बनीं सीएम

● एलजी वीके सक्सेना ने दिलाई शपथ,दिल्ली की तीसरी महिला सीएम बनीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के बाद अब आतिशी का राज शुरू हो गया है। आतिशी ने दिल्ली की सीएम पद की शपथ ले ली है।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उन्हें आज राज निवास में सीएम पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई है। आतिशी अरविंद केजरीवाल की सबसे करीबी नेता



मानी जाती हैं, जिन्हें केजरीवाल ने भरोसे के साथ चुनाव से ठीक पहले अपनी सीएम की कुर्सी दी है। आतिशी की कैबिनेट में 5 मंत्री शामिल हैं, जिन्होंने आतिशी के साथ ही मंत्री पद की शपथ ली है।

## अमेरिका में भारतीय दूतावास के अधिकारी का मिला शव

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के एक अधिकारी का शव मिला है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि अधिकारी का शव भारतीय मिशन के परिसर में ही बरामद हुआ है। भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को बताया कि 18 सितंबर की शाम एक भारतीय अधिकारी की मौत हो गई है। एजेंसियां परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है। अधिकारी के शव को जल्द से जल्द भारत वापस भेजा जाएगा। स्थानीय पुलिस और सीक्रेट सर्विस घटना की जांच कर रही हैं। पुलिस ने जांच में आत्महत्या के एंगल को भी शामिल किया है।

# हरियाणा में 'खेला' करने की तैयारी में जुटी बीजेपी!

**मनोहर लाल खट्टर ने कुमारी शैलजा को दिया बड़ा ऑफर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, सियासत गर्म हो रही है। अब बीजेपी ने कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा को बड़ा ऑफर दिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एक सभा में कहा कि कुमारी शैलजा का कांग्रेस में अपमान हुआ है और हम उन्हें अपने साथ लेने के लिए तैयार है। मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कुमारी शैलजा को गालियां तक दी गई और वह घर बैठी हुई है।



मनोहर लाल खट्टर ने इसके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा को जिम्मेदार ठहराया है।

# 'हम 40 साल से काबिज,कुछ भी हो जाए,जगह नहीं छोड़ेंगे

**आगजनी के तीन बाद भी नवादा के कृष्णानगर गांव में तनाव बरकरार**

**पटना (एजेंसी)।** तीन दिन पहले बिहार के नवादा जिले में हुई आगजनी और हिंसा के बाद अब हालात सामान्य हो रहे हैं और घटना की परतें खुल रही हैं। गांव के मिथिलेश मांझी की झोपड़ी में बुझे हुए मिट्टी के चूल्हे पर रखे रोटी के टुकड़े यह बताते हैं कि बुधवार शाम को जब कृष्णा नगर गांव में लोगों के एक समूह ने 34 घरों में आग लगाई, तो परिवार को कितनी तेजी से भागना पड़ा। इस घटना में मांझी समुदाय के 25 परिवार और रविदास समुदाय के 9 परिवार (दोनों अनुसूचित जाति के) के घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए हैं। पुलिस ने मामले में नंदू पासवान समेत 15





लोगों को गिरफ्तार किया है। नवादा प्रशासन ने बताया कि यह घटना 16 एकड़ के एक टाइटल सूट का परिणाम थी, जो पासवान और अन्य लोगों ने उन पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ दायर की थी, जिन्होंने उस जमीन को खरीदने का दावा किया है। बुधवार की घटना के कारणों का तुरंत पता नहीं चल सका।

**पीड़ितों ने जताई उम्मीद, सरकार हमारे लिए पक्के मकान बनाएगी**

उन्होंने कहा कि आगजनी जाति विवाद नहीं, बल्कि भूमि विवाद का परिणाम थी। सुरजू ने बताया, पासवानों और मांझी/रविदास के बीच कभी कोई संघर्ष नहीं हुआ। भूमि सर्वेक्षण के चलते, नंदू पासवान और अन्य लोगों ने हमें डराने के लिए हमारे घरों में आग लगाई। एक अन्य निवासी वैष्णवी मांझी ने कहा कि वह वर्षों से वहां रह रही थी और राज्य सरकार भी हमें मान्यता देती है, और हमारे पास इस पते पर वोटर कार्ड हैं। वैष्णवी की झोपड़ी भी उन जली हुई झोपड़ियों में से एक थी, और उसने आशा व्यक्त की कि सरकार हमारे लिए पक्के मकान बनाएगी। घटना के बाद सभी विस्थापित परिवार एक सरकारी शिविर में रह रहे हैं। सरकार के अलावा, कुछ स्वयंसेवी समूह भी प्रभावित परिवारों को भोजन मुहैया करा रहे हैं। सरकार उन परिवारों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा दे रही है, जिनके घर जलाए गए थे। जिन 34 घरों में आग लगी, उनमें से 21 घर पूरी तरह जल गए और 13 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। ये घर ईंट से बने थे, जिनमें से कुछ की छतें फूस की थीं और अन्य की छतें एस्बेस्टस से बनी थीं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मांझी परिवार इस क्षेत्र को गैर मजरूआ भूमि मानते हुए करीब 40 वर्षों से यहां खेती कर रहे हैं। हालांकि, नंदू पासवान और लगभग एक दर्जन अन्य लोग दावा करते हैं कि उन्होंने इस भूमि में से 16 एकड़ जमीन खरीदी है। 20 मांझी और रविदास परिवारों के खिलाफ टाइटल सूट दायर किया था।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को प्रधानमंत्री ने दी है आयुष्मान कार्ड की सौगात–संपतिया उइके

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामुदायिक भवन बिलौजी में सफाई मित्रों सहित 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए स्वास्थ शिविर का सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसी भी वर्ग के 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक का इलाज की सुविधा दी है। वही जिनके माध्यम से हमारा शहर साफ एवं सुन्दर दिखता है, ऐसे सफाई मित्रों के लिए भी हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जन-कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर लाभान्वित किया जा रहा है। सामुदायिक भवन बिलौजी में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके द्वारा सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद




सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिहावल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह आदि उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुये राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि हमारी केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सफाई मित्रो एवं बुजुर्गो के स्वास्थ्य के लेकर हमेशा चिंतित रहती है। अब प्रधानमंत्री जी के द्वारा बुजुर्गो के ईलाज हेतु आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रूपये तक इलाज की सुविधा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्य में लापरवाही पर विद्युत कंपनी ने 21 आउटसोर्स कर्मचारी किए ब्लैक लिस्ट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने पर कंपनी कार्यक्षेत्र के रायसेन,सीहोर एवं शिवपुरी में आउटसोर्स एजेंसी से कार्यरत 21 कार्मिकों को सेवाओं से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी द्वारा ब्लैक लिस्ट किये गए 21 आउटसोर्स कार्मिक कंपनी कार्यक्षेत्र के किसी भी बिजली कार्यालय में कार्य नहीं कर सकेंगे। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सीहोर वृत्त में कार्यरत 14 आउटसोर्स कार्मिकों के साथ ही शिवपुरी वृत्त के 6 एवं रायसेन वृत्त में कार्यरत एक आउटसोर्स कर्मचारी को लापरवाही और अनियमितता बरतने के कारण सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्ट किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने सचेत किया है कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है और सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ता सेवाओं और कंपनी की उत्तरोत्तर तरक्की के लिए निरन्तर प्रयास करते रहें।

### विद्युत कनेक्शन में नाम परिवर्तन करवाना आसान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से विद्युत कनेक्शन में नाम परिवर्तन करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई है। अब उपभोक्ताओं को उनके परिसरों में पूर्व से विद्यमान कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करना बेहद आसान हो गया है। अब जिन उपभोक्ताओं को अपने मीटर से संबंधित नाम में परिवर्तन करवाना है वह कंपनी की वेबसाइट/ में एलटी सर्विसेस के एलटी अदर सर्विसेस में दिये गये नेम ट्रांसफर अथवा सीधे पर जाकर अदर यूजफुल लिंक्स में दिये गये अप्लाय फॉर अदर सर्विसेस के माध्यम से आसानी से करा सकते हैं। कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 124 ऑनलाइन नाम परिवर्तन के आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 105 उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कर सफलतापूर्वक अपने विद्युत संयोजन में नाम परिवर्तन कराया है। विद्युत उपभोक्ताओं को नाम परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान अपना आईवीआरएस नंबर,संबंधित समग्र आईडी,पैन कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के उपरांत लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज कर निर्धारित शुल्क 170/- रूपये का भुगतान करना होगा। ऑनलाइन आवेदन देने के पश्चात उपभोक्ता आवेदन क्रमांक अथवा मोबाइल नंबर से आवेदन की स्थिति भी देख सकते हैं।

### जीएमसी, भोपाल में एनाटॉमी विभाग की स्नातकोत्तर सीटों में वृद्धि पर दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी), नई दिल्ली द्वारा गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के एनाटॉमी विभाग में 09 अतिरिक्त स्नातकोत्तर (पी.जी.) सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस वृद्धि के साथ पी.जी. सीटों की संख्या 2 से बढ़कर 11 हो गई है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने डीन जीएमसी डॉ कविता सिंह एवं गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय की पूरी टीम को बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेषज्ञों की संख्या में वृद्धि से राज्य के स्वास्थ्य तंत्र को और सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। डीन जीएमसी डॉ. कविता सिंह ने बताया कि सीट वृद्धि से गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को अधिक अवसर मिलेंगे और उनके शिक्षण व प्रशिक्षण में भी गुणात्मक सुधार होगा। इसके अलावा, प्रदेश के अन्य नए चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए संकाय सदस्यों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे पूरे राज्य के चिकित्सा संस्थानों को लाभ प्राप्त होगा।

### स्वास्थ्य विभाग के 15 डॉक्टर्स गैस राहत अस्पतालों में देंगे सेवाएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 15 डॉक्टर्स भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन गैस राहत अस्पतालों में सेवाएं देंगे। यह डॉक्टर्स 2 वर्ष की प्रतिनियुक्ति अवधि के लिये गैस राहत अस्पतालों में पदस्थ किये गये हैं। भोपाल शहर में संचालित गैस राहत अस्पतालों में पदस्थ किये गये डॉक्टर्स में एक मेडिकल विशेषज्ञ, एक सर्जिकल विशेषज्ञ, एक अस्थिरोग विशेषज्ञ, एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ, एक निश्चेतना विशेषज्ञ तथा 10 चिकित्सा अधिकारी हैं। प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किये गये इन 15 डॉक्टर्स में से मेडिकल विशेषज्ञ ने जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में, सर्जिकल विशेषज्ञ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ ने जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसी प्रकार कमला नेहरू चिकित्सालय में दो चिकित्सा अधिकारियों तथा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय, शाकिर अली खान चिकित्सालय व रसूल अहमद सिद्धिकी पल्मोनरी मेडिसिन सेंटर में एक-एक चिकित्सा अधिकारी ने भी कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने लगातार दूसरे दिन राहत शिविर में बिताई रात

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप नगर ग्वालियर में अति वर्षा से हुए जलभराव से प्रभावित बस्तियों के लोगों के लिए स्थापित शिविर में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने लगातार दूसरी रात बिताई। उन्होंने गुरुवार की रात पीएचई कॉलोनी स्थित राहत शिविर के शिविरार्थियों के बीच गुजारने के बाद शुक्रवार की सुबह उप नगर ग्वालियर के जलभराव से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर राहत और सुधार कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार की सुबह सबसे पहले वार्ड क्रमांक 7 के रामनगर, प्रसाद नगर, शर्मा फार्म हाउस रोड व पीएचई कॉलोनी पहुँचकर लोगों की कठिनाईयाँ व समस्याएं जानीं। उन्होंने इन बस्तियों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश साथ में मौजूद नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री तोमर ने इसी कड़ी में मोती झील स्थित यादव कॉलोनी, शिव शक्ति नगर तथा नहर वाली पट्टी पहुँचकर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मोती झील नाले की तेजी से सफाई कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को दिए। श्री तोमर ने नगर निगम, विद्युत और जिला प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क व सीवर और विद्युत व्यवस्था की भी समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उप नगर ग्वालियर के किशन बाग़ क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में कोई अवरोध न हो। क्षेत्र की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र शंकरपुर में भी अति वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया।

## स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे आयें-मंत्री श्रीमती उइके

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से गॉधी जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लायस पार्क गनियारी में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में सिंगरौली जिले की प्रभारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत विकसित भारत के निर्माण के लिए हम सभी मिलकर अपना योगदान दे।

इस अवसर पर सामूहिक रूप से राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद सीधी सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक सिंगरौली श्री राम निवास शाह आदि ने श्रमदान किया।



## खेल अकादमी की डेफ ओलम्पिक पदक विजेता कु. गौरांशी शर्मा यूनीसेफ मुख्यालय न्यूयार्क पहुंची





**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** यूनीसेफ द्वारा 20 से 24 सितम्बर 2024 तक आयोजन यूनीसेफ हेडक्वाटर न्यूयार्क (अमेरिका) में किया जा रहा है। कार्यक्रम एवं जनरल असेम्बली में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी ग्वालियर की खिलाड़ी कु गौरांशी शर्मा को आमंत्रित किया है। गौरांशी यूनीसेफ हेडक्वार्टर न्यूयार्क पहुंच गई है। वे देश की पहली डीफ खिलाड़ी है, जिन्हें यूनीसेफ ने भारत का यूनीसेफ ब्रांड एम्बेसडर बनाया था। वे यूनिसेफ हेडक्वार्टर में आमंत्रित देश की एकमात्र खिलाड़ी भी बनी है। न्यूयार्क में इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों के सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने, उनके अनुभवों एवं उनके मध्य नेटवर्क बनाने और उनमें कौशल विकसित करने तथा उनके मानवाधिकारों को बनाए रखने के साथ जीवन के कई क्षेत्रों में युवाओं की मदद करना है।

## एनएफएल विजयपुर द्वारा 312 हितग्राहियों को 44 लाख रुपये कीमत के 1452 कृत्रिम उपकरण वितरित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड विजयपुर (गुना), भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग गुना द्वारा दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। अंबेडकर भवन में आयोजित शिविर में 312 हितग्राहियों को लगभग 44 लाख रुपये कीमत के 1452 सहायक कृत्रिम उपकरण वितरित किये गये। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि एनएफएल परिसर में आयोजित दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग का निःशुल्क वितरण शिविर के लिये एनएफएल एवं एलिम्को की पूरी टीम को बधाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिये विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सानिध्य में पूरे प्रदेश में इस तरह के अभियान जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि निःशक्तजनों की सेवा करना पुण्य और परमार्थ का कार्य है। निःशक्तजनों की मदद के लिए अनेक सामाजिक संस्थाएँ काम कर रही हैं। हमारी बहुत-सी सामाजिक संस्थाएं नशामुक्ति के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही हैं। आज जिन चिन्हित हितग्राहियों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरित किए गए हैं।

## उद्यानिकी मंत्री श्री कुशवाह ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने गुना जिले के एनएफएल रेस्ट हाउस में उद्यानिकी तथा सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विशाल सिंह, उप संचालक उद्यानिकी श्री जी.एस. रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि नर्सरियों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें सशक्त बनाना होगा।

उन्होंने नर्सरियों में पौध उत्पादन, बीजोत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। श्री कुशवाह ने कहा कि शासकीय नर्सरियों की आय वृद्धि के लिये नर्सरी में सब्जी पौध, फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि स्थानीय बीज की मांग अनुसार सब्जी/मसाला (धनिया) बीजोत्पान किया जाये।

नर्सरियों को कृषक प्रशिक्षण केन्द्र अनुसार विकसित करें व कृषकों की फसलों का तकनीकी व प्रायोगिक प्रशिक्षण नर्सरियों में आयोजित किये जायें। श्री कुशवाह ने गुना जिले में संचालित उद्यानिकी विभाग की नर्सरी का भी निरीक्षण किया। मंत्री श्री कुशवाह ने निर्देश दिए कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में रिक्त पदों की भर्ती की जाए। दिव्यांगजनों के रोजगार के लिए शासकीय कार्यालय परिसरों में कैंटीन का संचालन दिव्यांगजनों से कराया जाए। पेंशन हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। आगामी माह में दिव्यांगजनों के विकलांगता प्रमाण-पत्र एवं सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए सभी निकायों में शिविरों का आयोजन किया जाए।

## भाग्योदय तीर्थ पहुंचकर लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने लिया मुनिश्री का आशीर्वाद

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला शुक्रवार को एक दिन के प्रवास पर मध्यप्रदेश के भाग्योदय तीर्थ सागर पहुंचे जहां मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के 42 में दीक्षा दिवस के अवसर पर शामिल होकर मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के भोपाल पहुंचने पर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्टेट हैंगर पर जोरदार स्वागत किया। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला के साथ श्री राजपूत भी भाग्योदय तीर्थ पहुंचे। जहां मुनि सुधा सागर से आशीर्वाद प्राप्त किया। भाग्योदय तीर्थ में आयोजित 42वें मुनिश्री के



दीक्षा दिवस के अवसर पर आयोजन समिति द्वारा लोकसभा अध्यक्ष का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। मध्यप्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र अपनी परंपरा और वैभव के लिए जाना जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा सागर में खाद्य मंत्री श्री राजपूत के निवास में देखने को मिला। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिड़ला भाग्योदय तीर्थ में आयोजित दीक्षा दिवस समारोह में शामिल होने के पश्चात खाद्य मंत्री श्री राजपूत के निवास पर पहुंचे। खाद्य मंत्री ने बुंदेली परंपरा से लोकसभा अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। अतिथि देवो भव: परंपरा अनुसार मंत्री श्री राजपूत ने लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत सत्कार कर शाल-श्रीफल और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला को इस दौरान बुंदेली व्यंजन पारोसे गए। लोकसभा अध्यक्ष को बुंदेली परंपरा का यह स्वागत अंदाज बहुत ज्यादा पसंद आया। उन्होंने बुंदेलखंड की शान को देश का पर्याय बताया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत सहित जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

# अनुच्छेद 39ए का उद्देश्य समाज के गरीब और कमजोर तबको तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना : शुक्ला

## नि :शुल्क कोचिंग क्लासेस में नलरजिस्ट्रेशन से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए एक मौका और






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जनपद पंचायत सीधी के सभागार में संचालित निःशुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी साझा करते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने कहा है कि अनुच्छेद 39ए का उद्देश्य समाज के गरीब और कमजोर तबको तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। जिससे जरूरतमंद समय पर न्याय प्राप्त कर सके।

उन्होंने बताया कि अनुच्छेद 39ए को 42 वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा जोड़ा गया। इस प्रावधान के क्रियान्वन हेतु संसद ने लीगल सर्विस अथॉरिटी एक्ट 1987 में पारित किया। इसके द्वारा मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तालुका विधिक सेवा समिति की स्थापना की गई। उन्होंने इसकी संरचना पर भी चर्चा की जैसे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षक सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षक राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होते हैं। इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश होते हैं।

उन्होंने आगे चर्चा के दौरान बताया कि यह प्राधिकरण समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन करता है। जिसमें पक्षकारो के बीच समझौता कराया जाता है और इसके विरुद्ध अपील किसी भी न्यायालय में नहीं की जा सकती। जिससे पक्षकारो के बीच में विवाद खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि एडीआर विधिक शिक्षा के प्रसार का भी कार्य करता है। इसके तहत एससी एसटी वर्ग के व्यक्ति, महिलाओं व बच्चों, त्रासदी से पीड़ित व्यक्ति और ऐसे व्यक्ति जिनकी सालाना आय एक लाख से कम है आदि को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने में मदद करता है।

अंत में अभ्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि मेहनत कीजिए। निराश मत होइए, क्योंकि कभी-कभी गुच्छे की आखिरी चाबी भी ताला खोल देती है।

इस दौरान निःशुल्क कोचिंग क्लासेस सहायक संचालक किरण भारती, शिक्षिका दीक्षा लोधी, रुक्मणी करचाम और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

ऐसे इच्छुक अभ्यार्थी जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे सुबह 7 से 9 तक (सोमवार से शनिवार) क्लास के समय पर आकर तुरंत रजिस्ट्रेशन करवा लें। इसी तरह ऐसे अभ्यार्थी जिन्होंने यूपीएससी एवं एमपीपीएससी का मेंस या साक्षात्कार दिया है और स्वेच्छा से निःशुल्क सेवाएं देना चाहते हैं, तो कोचिंग समय पर संपर्क कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं अपर कलेक्टर राजेश शाही के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन व आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस जनपद पंचायत सभागार में निरंतर रूप से संचालित हो रही है।

# निरंकारी महिला समागम नूतन कालोनी में आज



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला मुख्यालय में नूतन कालोनी स्तिथ संत निरंकारी सत्संग भवन में 22 सितम्बर को जोनल स्तर का महिला संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो कि ज्ञान प्रचारक आशा सिंह चौहान की अध्यक्षता मे दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिसमे सीधी जोन के अंतर्गत आने जिलों सिंगरौली, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी की सभी शहरों गावों से सभी संत बहनो का आगमन हो रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संत निरंकारी मण्डल की ब्रांच. सीधी ने भक्तजनो से अपील की है कि आप सभी नगर वासी इस संत समागम मे पधारकर सत्संग का लाभ लें। उक्त जानकारी दीपक मांगनानी द्वारा दी गई।

# भाजपा कार्यालय में नमो प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पखवाड़ा के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत शनिवार को पार्टी कार्यालय में सीधी विधायक रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित नमो प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाल्य काल से लेकर आज तक की विभिन्न प्रकार की ऐतिहासिक उपलब्धियां, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का विवरण प्रदर्शनी में दिखाया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष लालचंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, अंजू पाठक, अनिल पांडे, संदीप द्विवेदी, जिला महामंत्री विनोद साकेत, विश्व बंधुधर द्विवेदी, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, अजीत पांडे, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, हीरालाल कोरी, निशा सिंह चौहान, विवाह शर्मा, संगीता सिंह, श्रवण सिंह, अभय सिंह, पार्षद सोमवती जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, महिमा तिवारी शाहिद अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस में स्वच्छता ही सेवा तथा थैलेसीमिया जागरूकता अभियान संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिवारातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग,मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के मार्गदर्शन पर स्वच्छ भारत अभियान 2024 के विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में बड़े पैमाने पर छात्र-छात्राओं ने निबंध के माध्यम से अपने विचारों को प्रकट किए कि किस प्रकार भारत को स्वच्छ बनाया जाए ताकि इसका लाभ समाज को और देश को प्राप्त हो सके। निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को गांधी जयंती के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# स्कूल भवन में फांसी के फंदे पर लटका मिला लिपिक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी पथरौला के हाई स्कूल बस्तुआ में लिपिक द्वारा गुरुवार की रात स्कूल के कार्यालय में फॉसी के फंदे पर झूल कर जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अनुराग श्रीवास्तव पिता संतोष श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत जमुआ नंबर 2 जनपद पंचायत मझौली जो बीते 11 वर्षों से जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत संचालित होने वाली हाई स्कूल बस्तुआ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में लिपिक पद पर पदस्थ था। स्कूल में पदस्थ कर्मचारियों ने बताया कि रोज की तरह अनुराग गुरुवार को भी सुबह तकरीबन साढ़े दस बजे स्कूल पहुंचा था और पूरा दिन अपने काम काज में व्यस्त रहा। तत्पश्चात शाम साढ़े चार बजे स्कूल के बच्चों की छुट्टी हो गई और सभी बच्चे व शिक्षक अपने घर चले गए प्रभारी प्राचार्य ने पुलिस को बताया कि मैं और मृतक कार्यालय के सामने बैठे थे। तकरीबन शाम 5 बजे प्राचार्य द्वारा मृतक को घर चलने के लिए कहा गया तो मृतक ने कहा कि सर आप चलिए मैं कुर्सी अंदर रखकर आता हूं। यह सुनकर कर प्रभारी प्राचार्य स्कूल से तकरीबन आधा किलोमीटर दूर स्थित अपने किराए के माकान में चले गए। इधर देर रात्रि तकरीबन 10 बजे जब मृतक की स्विफ्ट डिजायर कार को स्कूल परिसर में ग्रामीणों द्वारा देखा गया तो इसकी सूचना प्राचार्य को दी गई। सूचना उपरांत प्राचार्य द्वारा मृतक के दोनों मोबाइल नंबर पर फोन लगाया गया। किन्तु मोबाइल बंद बता रहा था। तब गांव के सरपंच हरिप्रसाद सिंह सहित तकरीबन आधा दर्जन ग्रामीण और शिक्षकों द्वारा मृतक की पहले तो गांव में खोजबीन की गई। लेकिन कहीं पता नहीं चला तब स्कूल परिसर में पहुंच कर टार्च जलाकर पूरे परिसर में देखा गया। इसी बीच जब कार्यालय की तरफ टार्च जलाकर देखा तो कार्यालय का आधा दरवाजा खुला था। जहां से मृतक को सीलिंग फैन के हुक में फांसी के फंदे पर लटकता देखा गया। सूचना उपरांत मृतक के परिजनों सहित विभागीय अधिकारी एवं पुलिस रात में ही घटना स्थल पर पहुंच गए। परिजनों की उपस्थिति में पथरौला चौकी प्रभारी प्रीती वर्मा द्वारा मौका मुआयना करते हुए शव परिक्षण एवं पंचनामा आदि की कार्यवाही की गई। तत्पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।घटना की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे परिवार जनों ने हत्या की आशंका जताई। मृतक की मां आराधना श्रीवास्तव जो कन्या छात्रावास चुवाही मझौली में अधीक्षिका हैं ने बताया कि बेटे के गले में हमेशा सोने की चैन और हाथ में अंगूठी रहती थी जो नहीं है। परिजनों द्वारा शंका जाहिर किए जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय में डाक्टरों की पांच सदस्यीय टीम द्वारा किया गया है। पोस्टमार्टम उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है।

# अवैध रेत परिहन करते दो ट्रैक्टर जप्त




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कुसमी पुलिस द्वारा अवैध रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर को जप्त कर चालक मय वाहन स्वामी के विरुद्ध मामला किया गया पंजीबद्ध।जानकारी के मुताबिक रात्रि गस्त के दौरान थाना प्रभारी कुसमी को मुखविर से सूचना मिली की ग्राम गोतरा उत्तर टोला गोपद नदी से दो ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे है। मुखविर के बताये स्थान ग्राम गोतरा उत्तर टोला की ओर पुलिस टीम को रवाना किया गया जहॉ दो ट्रैक्टर आते हुये दिखाई दिये जो पुलिस को देखकर दोनो ट्रैक्टर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टर वही पर छोड़ कर भाग गये। पुलिस टीम द्वारा पास में जाकर देखा गया तो ट्रैक्टर ट्राली में फुल्ल रेत लोड पाई गयी। उक्त वाहन ट्रैक्टरो को चेक करने पर उसमें किसी प्रकार रेत परिवहन के संबंध दस्तावेज नहीं मिले। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध कायम कर दोनो वाहन मय रेता भरा हुआ कुल कीमती 9.54 लाख रूपये जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# अस्पताल में भर्ती महिला ने पति के साथ की मारपीट

## दांत से पति को काटा, वार्ड में फांसी लगाने की कोशिश की



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** जिला अस्पताल की डिलीवरी वार्ड में शनिवार दोपहर को एक मामला सामने आया था। डिलेवरी वार्ड में भर्ती एक महिला ने पति के साथ मारपीट करते हुए पति को अपने दांत काट लिया। जब उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो दुपट्टे से वार्ड में फांसी लगाने की कोशिश की। इसी दौरान वार्ड में मौजूद लोगों ने अस्पताल स्टाफ और चौकी पुलिस को जानकारी दी। डॉक्टर और चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को समझाई के एक घंटे बाद मामला शांत हुआ है। जानकारी के अनुसार, अजीता पति राजा बाबू साहू निवासी वार्ड-17 की रहने वाली है। महिला की 6 दिन पहले जिला अस्पताल में ऑपरेशन से डिलीवरी हुई थी।

**यह है मामला:** राजा साहू की पहले शादी 10 साल पहले उर्मिला के साथ 2015 मे हुई थी। जिसके दो बच्चे एक लड़का महज 5 साल और एक लड़की रुबी 7 साल है। हालांकि, 3 साल पहले बीमारी के चलते उसकी मौत हो गई थी। मां की मौत के बाद सास सुखिया दोनों बच्चों की देखरेख कर रही थी। डेढ़ साल पहले पति ने दूसरी शादी अजीता के साथ हुई। 6 दिन पहले जिला अस्पताल में ऑपरेशन के द्वारा अजीता को एक लड़का हुआ। जिससे वह जिला अस्पताल की डिलीवरी वार्ड में भर्ती है।

आज (शनिवार) की दोपहर में 1 बजे सास सुखिया के साथ पहली पत्नी के दोनों बच्चे दूसरी मां को मिलने अस्पताल में आए थे।

## शासकीय स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण का मामला

# राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बनाया पंचनामा

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के रैंपुरा कस्बे के शासकीय कन्या हाई स्कूल की जमीन में गांव के ही एक दबंग ने अतिक्रमण करने का प्रयास किया। ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन ने एसडीएम को मामले की शिकायत की। जिसके बाद राजस्व और पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मौके का मुआयना कर पंचनामा बनाने के बाद अतिक्रमण हटाने का प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि रैंपुरा के शासकीय कन्या शाला परिसर की जमीन पर बीते दो तीन साल से गांव के ही दिलीप प्रजापति ने अतिक्रमण करने का प्रयास किया था। इसके बाद एक बार फिर उसने बाउंड्रीवाल और लोहे के खम्भों को क्षतिग्रस्त कर पीछे करने का प्रयास किया।

जिसके बाद स्कूल प्रबंधन और ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे राजस्व टीम ने अराजी नंबर 4289 के 1.4 हेक्टेयर रकवे में बने स्कूल का सीमांकन कर अतिक्रमण चिह्नित कर अतिक्रमण करने वाले को हिदायत दी।

# राकेश हत्याकांड पर पुलिस ने किया खुलासा

## चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, तोड़फोड़ करने वाले परिजनों के खिलाफ भी केस दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** अमलाई थाना क्षेत्र के ईटा भट्ठा निवासी राकेश दास पनिका हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। हत्या में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी किये जाने के बाद शनिवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं घटना के दिन हाइवे में तोड़फोड़ करने वाले 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें 14 आरोपी नामजद बनाए गए हैं। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि संदेही युवराज साहू मृत्तक की साली को परेशान करता था। जिस बात को लेकर 14 सितंबर 2024 को गणेश पण्डाल में इनके मध्य विवाद हुआ था। जिसके बाद आरोपी द्वारा अपने साथियों कृष्णा यादव उर्फ पण्डित व सूजल महोबिया के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से धारदार हथियार से मृतक की हत्या कर दी।

मृतक के शव को छुपाने में संदीप पाल द्वारा आरोपियों की सहायता की गई। आरोपियो के द्वारा बताये गये तथ्यों की तस्दीक एवं साक्ष्य संकलन के लिए आरोपीगणों को मौके पर ले जाकर मृतक व आरोपीगण के कपड़े, जूते व हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया।

युवराज साहू पिता तुलसी साहू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कैलास नगर वार्ड नं 1 कवर्धा जिला कवर्धा छ.ग., हाल वार्ड नं. 15 ईटाभट्ठा थाना अमलाई ,कृष्णा यादव उर्फ पण्डित पिता परदेशी यादव उम्र 19 वर्ष निवासी पंखा दफाई ईंटा भटटा अमलाई, सूजल महोबिया पिता अशोक महोबिया उम्र 19 वर्ष निवासी रेलवे फाटक के पास अमराडण्डी अमलाई, संदीप पाल पिता बाबूलाल पाल उम्र 32 वर्ष निवासी ओपीएम अमलाई शामिल हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही में एसडीओपी धनपुरी अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमलाई जे.पी. शर्मा, थाना प्रभारी धनपुरी खेमसिंह पेंद्रो, थाना प्रभारी बुढार संजय जायसवाल, थाना प्रभारी खैरहा दिलीप सिंह, चौकी प्रभारी केशवाही आशीष झारिया, साईबर सेल सत्यप्रकाश मिश्रा, हिमवंतचंद्र मिश्रा थाना अमलाई से उनि. महेंद्र कुमार शुक्ला, सउनि, करतार सिंह, सउनि. दीपक तिवारी, प्र.आर. पुष्पेंद्र कुमार, प्र.आर. मुकेश कुमार, प्र. आर. राकेश सिंह, प्र. आर. जयवेंद्र सिंह व समस्त थाना अमलाई पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

# खैरहा पुलिस ने पकड़ी गांजे की खेप

## करकटी-सिरौंजा मार्ग पर तस्करों को खदेड़कर पकड़ा, 1 क्विंटल 75 किलो गांजा जब्त




**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल जिले के खैरहा पुलिस ने देर रात को गांजा तस्करों को खदेड़कर पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 क्विंटल 75 किलोग्राम और एक आर्टिगा कार जब्त की है। वहीं एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने यह कार्रवाई बीती रात लगभग 3 बजे की है।

खैरहा थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की आर्टिगा कार में भारी मात्रा गांजा लोड कर परिवहन किया जाना है। पुलिस टीम ने मुखबिर के बताये अनुसार करकटी-सिरौंजा मेन रोड पर वाहन चेकिंग लगाई गई। चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन (सीजी16सीई2529) को घेरा बंदी कर रोकने का प्रयास किया गया।

थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिस को देख वाहन चालक ने कार को मुख्य मार्ग से लगभग 100 मीटर जंगल की ओर घुसा दिया। इसी दौरान पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए जंगल में घुसी। झाड़ियों का फायदा उठाकर वाहन चालक शशि पनिका और अन्य 2 आरोपी मौके से फरार हो गए।

**एक आरोपी को निकलने से पहले पकड़ा:** रात के अंधेरे में कार में सवार आरोपी एक एक करके भागने लगे। तभी गाड़ी में बैठे शशिराज यादव पिता राजेश यादव निवासी ग्राम देवगई को पकड़ लिया गया। वाहन की तलाशी लेने पर 5 बोरे में 175 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल कीमत 17,40,000 रुपए बरामद किया गया है।

तीन आरोपी मौके से हुए फरारः खैरहा थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि मौके से शशि पनिका पिता जगन्नाथ पनिका निवासी लखबरिया, विकास जायसवाल निवासी ग्राम देवगई, तिवारी निवासी थाना चचाई के पास कॉलोनी फरार हो गए हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भेजी गई है।

**अभी और खुलासे होंगे:** एसपी कुमार प्रतीक में बताया कि आरोपी को अभी एक दिन के लिए पुलिस रिमांड में लिया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। जो गाड़ी जब्त हुई है वह किसी महिला के नाम रजिस्टर्ड है। मामले में जांच जारी है इसमें अभी और खुलासे होंगे।

# सही पोषण -परिवार रोशन नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** एक सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह का आयोजन हो रहा है। आयोजन के दौरान शनिवार 21 सितंबर को महिला एवं बाल विकास और आयुष विभाग के सौजन्य से सही पोषण -परिवार रोशन निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन परियोजना सीधी 1 अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक हास्पिटल सीधी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी और मबई में किया गया जिसमें महिलाओं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही सभी महिलाओं को पोषण और स्वास्थ शिक्षा पर चर्चा एवं समझाइस दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सभी से चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी आर सी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन भू-अर्जन मामला, उच्च न्यायालय ने देवसर एसडीएम से 28 दिन में मांगा जवाब

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने ललितपुर सिंगरौली रेल मार्ग में जमीनों के अधिग्रहण संबंधित एक मामले की सुनवाई की। शनिवार को सुनवाई करते हुए स्ष्ठरूदेवसर से 28 दिवस के अंदर जवाब मांगा है। अदालत ने कहा है कि मामला गंभीर है। ऐसे में एसडीएम इस विषय पर अपना जवाब तत्काल प्रस्तुत करें। ऐसा ना कर पाने की स्थिति में कोर्ट ने एसडीएम देवसर को अगली सुनवाई में स्वयं मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

इस मामले में देवसर निवासी याचिकाकर्ता डीपी शुक्ला ने बताया, 'जमीन रेल परियोजना में प्रभावित होने के कारण अधिग्रहित की गई है, जिसका मुआवजा अवार्ड याचिकाकर्ता के नाम भू-अर्जन अधिनियम 2013 के अंतर्गत तैयार किया गया था। हालांकि उक्त मुआवजे की राशि में से बड़े हिस्से को याचिकाकर्ता को न देकर उपखंड अधिकारी के अधीनस्थ कर्मचारी और पुलिस महकमे के अधिकारी के परिजनों के बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया।

# विचार

## पीएम जनमन से बैगा परिवारों की बदल रही तस्वीर और तकदीर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना ( प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान ) के चलते छत्तीसगढ़ राज्य के अति पिछड़े जनजातीय समुदाय तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर तेजी से बदलने लगी है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के रहवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास होने लगा है। बरसों-बरस से आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित इन जनजातीय समूहों को अब मिशन मोड में यह बुनियादी सुविधाएं सुभल होने लगी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के सभी विशेष पिछड़ी जनजातीय इलाकों में बुनियादी विकास एवं निर्माण के कार्य तेजी से कराये जा रहे है। राज्य में पीएम जनमन योजना को शुरू हुए अभी एक साल का भी अरसा पूरा नहीं हुआ है, फिर भी छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इसके सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे है। कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के चलते बैगा समुदाय की तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर बदलने लगी है। छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित कबीरधाम, राजनांदगांव, मुंगेली, बिलासपुर और कोरिया जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोग निवास करते है। जनसंख्यात्मक दृष्टिकोण से बैगा, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में सर्वाधिक आबादी वाला जनजाति समुदाय है। छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त 5 जिलों में बैगा समुदाय के 24 हजार 589 परिवार निवासरत है, जिसमें से लगभग 46 प्रतिशत यानि 11 हजार 261 परिवार कबीरधाम जिले में रहते हैं। कबीरधाम जिले के बोड़ला एवं पंडरिया में बैगा समुदाय के लोग निवास करते हैं। इस समुदाय की 38 बसाहटों में निवासरत 255 परिवारों के घरों में विद्युत सुविधा से रौशन किया जा चुका है, जबकि 56 बैगा बसाहटों को जोडने के लिए 186.20 किलोमीटर लम्बाई वाली 47 सड़कों के निर्माण के लिए 135.72 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 42 सड़कों के निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत पक्की डामरीकृत सड़क एवं नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण जारी है। कबीरधाम के पंडरिया विकासखंड के ग्राम भागड़ा, जामुनपानी, कामठी, कुई, मंगली सारपानी टाकटाईयां, बदना, गुडा, छिरहा, मुनमुना, नेउर और लालपुर में विशेष शिविर लगाकर बैगा समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य एवं सिकलसेल की जांच के साथ ही 1870 बैगा परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं।

# तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर आघात

**ललित गर्ग**

**लाखों-करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुयमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था।**



यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है, जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिए, ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने। प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक था? देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता, आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है, तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं, पर मन्दिर-प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है, यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है, ऐसे मन्दिर प्रबंधकों, पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर, जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैं, उन सभी को गुणवत्ता, शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए।

एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं, जिन्हें पवित्रता एवं जन-आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकर्ताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए? क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है? क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है? देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अफसोस की बात है कि मंदिरों में बाहर से चढ़ने वाला प्रसाद तो पहले से ही संदेह के दायरे में रहता है, पर अगर मंदिर की अपनी रसोई में तैयार होने वाले प्रसाद की भी विश्वसनीयता आहत हुई है, तो यकीन मानिए, इंसान फिर किन पर भरोसा करेगा? क्योंकि व्यापार में मिलावट तो चल ही रही है, अब मन्दिरों में यानी भगवान के दरबार में मिलावट से मनुष्यता गहरे रसातल में चली गयी है। मूल्यहीनता एवं अनैतिकता की यह चरम पराकाष्ठा है। गुणवत्ता एवं पवित्रता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों के लिए यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

इस खुलासे के बाद लोग अपना गुस्सा एवं आक्रोश भी जाहिर कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही 1984 में भी हुआ था जब डालडा में चर्बी मिले होने का मामला सामने आया था, लेकिन वह व्यापार का मामला था, लेकिन तिरुपति प्रसादम में मिलावट का मामला आस्था का है। भूल, अपराध एवं लापरवाही की नब्ज को ठीक-ठीक समझना जरूरी है। भूल सही जा सकती है, लेकिन लापरवाही एवं आपराधिक सोच को सहन नहीं किया जा सकता। दरवाजे पर बैठा पहरेदार भीतर-बाहर आने-जाने वाले लोगों को पहचानने में भूल कर सकता है मगर सपने नहीं देख सकता। लापरवाही एवं अपराधिक मानसिकता विश्वसनीयता एवं पवित्रता को तार-तार कर देती है। बुराइयां जब भी मन पर हावी होती हैं, गलत रास्ते खुलते चले जाते हैं। मन्दिरों पर बुराइयां हावी होना चिन्ताजनक ही नहीं, गंभीर खतरों के संकेत हैं। मन्दिर प्रबंधन को अधिक चुस्त-दुरस्त, पारदर्शी एवं नैतिक बनाने की भी जरूरत है। प्रश्न है कि हिन्दू मन्दिरों में ही ऐसे मामले क्यों सामने आते हैं, क्या मन्दिर प्रबंधन अन्य समुदायों के मन्दिरों या धार्मिक-स्थलों की तरह पवित्र, गुणवत्ता पूर्ण, उच्च चारित्रिक एवं नैतिक देखभाल नहीं कर सकते?

यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है।

मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दु:ख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। लेकिन मन्दिर प्रबंधकों एवं प्रसाद निर्माताओं के पापों का क्या हो? बहरहाल, तिरुपति में लड्डुओं का वितरण तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। अशुद्ध मिलावटी आपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में डालना और उस पर जुर्माना लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। मिलावट विरोधी कानूनों के सबसे कड़े प्रावधान उस पर लागू होने चाहिए और सजा ऐसी मिलनी चाहिए कि मिसाल बन जाए। यह कार्य स्वयं मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सुनिश्चित करना चाहिए। ऐसे संवेदनशील मामलों में राजनीति तो कत्तई नहीं होनी चाहिए, आरोप-प्रत्यारोप से भी बचा जाना चाहिए। भावनाओं से खेलने के बजाय शासकों को शासन- प्रशासन के जरिये सुनिश्चित करना होगा कि शुद्धता-गुणवत्ता केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि तमाम जगहों और उत्पादों में बहाल रहे। दिव्य मंदिर तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को नुकसान पहुंचाकर बहुत बड़ा पाप किया गया है।

मन्दिर-व्यवस्थाएं मूल्यहीन और दिशाहीन हो रही है, उनकी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता, अपवित्रता और अविश्वास के चक्रव्यूह में मन्दिर मानो कैद हो गये है। यह तो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है कि प्रसादम के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है, सामान्य जन-जीवन में दूध, घी, मसाले, अनाज, दवाइयां तथा अन्य रोजमर्रा के उपयोग एवं जीवन निर्वाह की शुद्ध वस्तुएं किसी भाग्यशाली को ही मिलती होंगी। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? इस भ्रष्ट एवं अनैतिकता की आंधी मन्दिरों तक पहुंच गयी है, हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध प्रसादम हासिल करना श्रद्धालुओं का मौलिक हक है और यह मन्दिर प्रबंधन के साथ सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले। मंदिरों में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन केवल संस्कृति से जुड़े नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न लोगों को ही सौंपा जाना चाहिए।

# एक देश एक चुनाव- लाभ अनेक

**मृत्युंजय दीक्षित**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में राष्ट्रहित के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं, इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने बहु प्रतीक्षित एक देश-एक चुनाव का संकल्प पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर दी है। लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मोदी कैबिनेट ने, एक देश एक चुनाव पर उठ रहे प्रश्नों पर विराम लगा दिया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपना सन्देश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के संकेत दिये थे और अब कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की अनुशंसा को मंजूरी प्रदान कर दी है। एक देश एक चुनाव, परिकल्पना को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो जाने के बाद राजनैतिक दलों के बीच सहमति बनाने की जिम्मेदारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरन रिजिजू व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दी गई है। एक देश एक चुनाव को लेकर गठित समिति ने इस विषय पर सभी प्रमुख राजनैतिक दलों से विचार विमर्श किया था जिनमें 32 राजनैतिक दल इसके समर्थन में और 15 विरोध में थे। अब इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस हेतु आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किये जाएंगे और ऐसा माना जा रहा है कि सरकार ने इन सभी विधेयको को पारित करवाने के लिए प्रबंध भी लगभग कर लिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं उस समय संपूर्ण भरत मे कांग्रेस व उसके समर्थित दलों की सरकारें ही राज्य विधानसभाओं में हुआ करती थीं। चुनाव आयोग ने वर्ष 1982 में फिर उसके बाद जस्टिस बी. बी. जीवन की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश की थी। वर्ष 2018 में जस्टिस बी एस चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक ड्राफ्ट रिपोर्ट में एक साथ चुनाव की बात करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 83, 85,172, 174 और 356 में संशोधन करने होंगे। वर्ष 2015 में संसद की स्थायी समिति ने भी दो चरणों में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की थी। राजनैतिक दृष्टिकोण से यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है कि कांग्रेस पूर्वज पहले तो एक देश एक चुनाव का समर्थन कर रहे थे किंतु जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाया है और उसे लागू करने के लिए पूर्णता की ओर बढ़ रही है तब से कांग्रेस व उसके सहयोगी दल जिन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का विरोध करने लगे हैं। सभी राजनैतिक दलों का मानना है कि भारत में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक तथा असंभव है। कई नेता इसे प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार का मात्र एक शिगूफा कह रहे हैं। एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है। वर्ष 1967 के बाद कतिपय राजनैतिक कारणों से कई विधानसभाओं को भंग करना पड़ा और फिर बीच में लम्बे समय तक केंद्र व राज्यों की राजनीति में अस्थिरता का वातावरण रहा। वर्तमान समय में भारत में दो लोकसभा चुनावों के




बीच पांच सालों में कहीं न कहीं विधानसभा चुनाव होते रहते हैं जिसके कारण बार-बार आचार संहिता लगती है और जनहित व विकास के कार्यक्रम प्रभावित होते हैं। भारत में नगर निगम, नगर निकाय और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी हर वर्ष, हर माह कहीं न कहीं होते ही रहते हैं और बीच-बीच में उपचुनाव भी आते रहते हैं और विकास कार्यों को बाधित करते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण राजनैतिक दलों व नेताओं का खर्च भी भी बहुत बढ़ा रहता है जिसके कारण आर्थिक भ्रष्टाचार को बल मिल मिलता है। राजनैतिक दलों के नेता व उनके सामर्थक अपने समाज व मतदाताओ को लुभाने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं जिसके कारण सामाजिक वातावरण दूषित होता है। धार्मिक वैमनस्यता भी गहराती है। बार-बार चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होती है जिसके कारण सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है। यदि देश में एक ही बार में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराये जायें तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी। एक देश एक चुनाव की व्यवस्था लागू हो जाने के बाद चुनावों में होने वाले भारी खर्च में कमी आयेगी। इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश में एक साथ चुनाव कराये जाने से देश की जीडीपी में लगभग 1.5 प्रतिशत वृद्धि का भी अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मत है कि एक देश एक चुनाव से सरकारें सही मायने में कम से कम साढ़े चार वर्ष विकास कार्य करा पायेंगी। अभी लगातार अलग-अलग होने वाले चुनावों और आचार संहिता के कारण सरकारों के हाथ 12-15 महीने बंधे रहते हैं। एक देश-एक चुनाव पर रामनाथ कोविंद समिति ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं जिसके अंतर्गत यह योजना देश में दो चरणों में लागू की जायेगी। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव करायें जायें और दूसरे चरण में नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव कराये जायें लेकिन इन्हें पहले चरण के 100 दिन के भीतर ही कराया जाये। लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होते ही राज्यों की विधानसभा का चुनाव कराया जाये अगर किसी विधानसभा का चुनाव अपरिहार्य कारणों से एक साथ नहीं हो पाता है तो बाद की तिथि में होगा किंतु कार्यकाल उसी दिन समाप्त होगा। यदि किसी राज्य की विधानसभा बीच में ही भंग हो जाती है तो नया चुनाव विधानसभा के बाकी के कार्यकाल के लिए ही कराया जाये। सभी चुनावों के लिए एक समान मतदाता सूची तैयार की जाये। इसे अमल में लाने के लिए एक कार्यान्व्यिन समूह का गठन किया जाये। कोविंद समिति ने 18 संविधान संशोधनों की सिफारिश भी की है जिसमें से अधिकांश में राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी जबकि समान मतदाता सूची और समान मतदाता पहचान पत्र से जुड़े कुछ प्रस्तावित बदलावों के लिए आधे राज्यों द्वारा अनुमोदन की जरूरत होगी। मोदी सरकार का दावा है कि समिति की परामर्श प्रक्रिया के दौरान 80 प्रतिशत युवा एक देश व एक चुनाव का समर्थन किया था।

# जनसमस्या निवारण शिविर से ग्रामीणों को मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ : स्वास्थ्य मंत्री

## कदरेवा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी राहुल वेंकट के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए खड़गवा विकासखंड के ग्राम पंचायत कदरेवा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर विभागीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को सामग्री भी प्रदान की गई। शिविर में 280 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 46 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। अन्य आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है। शिविर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनमती उर्रे, कलेक्टर डी राहुल वेंकट, और परियोजना निदेशक नितेश कुमार उपाध्याय, एस डी एम खड़गवां विजेन्द्र सिंह सारथी एंव जिले के अन्य अधिकारीगण, कर्मचारी खड़गवां ब्लाक के समस्त सरपंच व सचिव एंव जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि शिविर के माध्यम से ग्रामीण अंचल के लोग अपनी समस्याओं को सीधे जिला स्तरीय अधिकारी तक पहुंचा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन ग्रामीण अंचलों के लोगों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कर रही है ताकि ग्रामीण अपनी समस्याओं का समाधान अपने गाँव में ही प्राप्त कर सकें। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह ने कहा कि सुविधाओं का शिविर आपके दरवाजे पर स्वयं चलकर आया है। उन्होंने ग्रामीणों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए स्वयं जागरूक होना आवश्यक है।इस जन समस्या निवारण शिविर के दौरान कलेक्टर डी राहुल वेंकट ने कहा कि शिविर का उद्देश्य यह है कि ग्रामीण अधिक से अधिक अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। उन्होंने पीवीटीजी लोगों को शिविर में विभागीय स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने की अपील की। परियोजना निदेशक नितेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने पीवीटीजी महिलाओं को महिला समूह से जोड़ने की बात कही ताकि वे महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सकें और शासन की आजीविका योजनाओं का लाभ उठा सकें।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही:** ग्राम पंचायत कदरेवा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उद्यान विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों को सामग्री वितरित की गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। मछली पालन विभाग द्वारा 6 लोगों को मछली जाल और अन्य सामग्री प्रदान की गई। किसान समृद्धि योजना के तहत 5 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा 11 महिलाओं की गोद भराई की गई, 5 बच्चों का अन्नप्राशन हुआ, 10 महिलाओं को सुपोषण टोकरी और 10 बच्चों को स्वच्छता किट प्रदान की गई। पशुधन विकास विभाग द्वारा 5 इकाइयों में बैकयार्ड कुक्कुट का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण दिए गए। वन विभाग द्वारा 500 फलदार पौधे वितरित किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा जाति के 6 बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए गए।

### पति ने गला घोंटकर पत्नी को मार डाला

## पहली पत्नी की मौत के बाद की थी दूसरी शादी, बोरी में मिली लाश




**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पति ने अपनी पत्नी को मार डाला। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पहले पत्नी का गला घोंटा, फिर लाश को बोरी में डाल कर रख दिया था। आरोपी ने घरेलू विवाद में वारदात को अंजाम दिया है। मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप भवन के पीछे झुग्गी बस्ती का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका का नाम आरती गोड़ (32) है। वहीं पत्नी का नाम संजय गोड़ (36) है। दोनों के बीच गुरुवार रात को विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपी पति गुस्से में आ गया। पत्नी को मार डाला।

**पुलिस को पति पर हुआ शक:** नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मृतका के पिता गणेश विश्वकर्मा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की तफ्तीश की तो पति पर शक हुआ।

**पहली पत्नी की मौत के बाद की थी दूसरी शादी:** थाना प्रभारी भिलाई नगर प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आरोपी संजय गोड़ अपने ससुराल में रहता था। वह रुआबांधा बस्ती का रहने वाला है। 11 साल पहले इसकी पहली पत्नी की मौत हो गई थी। इसके बाद उसने दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से उसका एक बच्चा है, जबकि आरती से उसके दो बच्चे हैं।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार:** संजय के दोनों बड़े बच्चे दादा-दादी के पास रुआबांधा में रहते हैं, जबकि 3 साल के छोटे बच्चों के साथ वह अपने ससुराल में रह रहा था। फिलहाल भिलाई नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अफेयर के शक में पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में अफेयर के शक में पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला। बताया जा रहा है कि महिला के शरीर और सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। मामला प्रतापपुर के सिलफिली गांव का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृत महिला का नाम बबीता है। वहीं उसके पति का नाम सरजू पैकरा है। आरोपी ने महिला से 16 सितंबर को मारपीट की थी, जिसके बाद उसे प्रतापपुर अस्पताल लेकर गए थे। जहां से गंभीर हालत में अंबिकापुर रेफर किया गया था।

**बहन ने दम तोड़ दिया:** मृतिका के भाई ने बताया कि हालात और बिगड़ती गई। बेहोशी की हालत में 18 सितंबर को एंबुलेंस से रायपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी बहन ने दम तोड़ दिया। भाई की शिकायत पर प्रतापपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच की।

# एमपी के युवक ने किया सुसाइड लाइव वीडियो

## प्रेमिका ने धोखा दिया तो लगाई फांसी, परिजन बोले- आत्महत्या के लिए उकसाया गया




**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक युवक ने प्रेमिका से धोखा मिलने पर खुदकुशी कर ली। सुसाइड का लाइव वीडियो भी सामने आया है। वहीं, परिजनों ने लड़की और उसके परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि दोनों ने चोरी-चुपके शादी भी कर ली थी।

मामला पाली थाना इलाके के परसदा गांव का है। जानकारी के मुताबिक, 27 साल का शिवम जायसवाल एमपी के अनुपपुर जिले के मौहारी गांव का रहने वाला था। वह छत्तीसगढ़ में मामा के घर रहता था। यहीं उसने 5 सितंबर को उसने दोस्तों के साथ ही रस्सी खरीदी। इसके बाद घर आकर फंदा बनाया और दोस्तों को फोटो भी भेजा।

**दोस्त ने समझाइश भी दी थी:** दोस्तों को फोटो भेजने पर उसका एक दोस्त घर आया और समझाइश देकर साथ में ही सो गया। इसी दौरान रात में शिवम ने फांसी लगाकर जान दे दी। साथ में रुके दोस्त ने यह नजारा देखा, तो वहां से भाग गया। इसमें दोस्तों की भूमिका भी संदिग्ध है।

**गांव की ही लड़की के साथ रिलेशनशिप में था शिवम:** बताया जा रहा है कि, शिवम परसदा गांव में अपने मामा की हार्डवेयर की दुकान चलाता था। यहीं गांव की ही किसी जायसवाल लड़की के साथ उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं और वे एक-दूसरे से मिलने लगे। पिछले डेढ साल से दोनों रिलेशनशिप में थे। दोनों के परिवार को इसकी जानकारी भी थी। शिवम ने अपने परिजन से शादी करने की बात भी कही थी। तब परिवार ने घर में बड़े भाई-बहन होने का हवाला दिया और बाद में शादी करने की बात कही।

**मांग में सिंदूर भरा फोटो मिला- परिजन:** शिवम के परिजनों का आरोप है कि, प्रेमिका के परिवार वाले शिवम को दूर रहने की धमकी देते थे। इससे वो परेशान था। बाद में लड़की ने भी प्यार में धोखा दिया और बात करना बंद कर दिया। वो किसी और से बात करने लगी। लेकिन दोनों ने कहीं शादी कर ली थी। मांग में सिंदूर भरी एक तस्वीर भी परिजनों को मिली है।

**मानसिक रूप से प्रताड़ित किया- परिजन:** शिवम के परिजनों का यह भी आरोप है कि, लड़की और परिवार ने शिवम को आत्महत्या के लिए उकसाया। यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। उन्होंने मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मजबूर किया, इसलिए उसने फांसी लगाई है।

परिजन का कहना है कि, पुलिस को उसके फोन की भी जांच करने की जरूरत है। परिजनों ने कहा कि, हम जल्द उनके खिलाफ परिवारद्धद्र दर्ज कराएंगे। उन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

**सुसाइड नोट भी बरामद:** शिवम ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें खुद की मर्जी से खुदकुशी करने की बात लिखी है। हालांकि परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी के दबाव में आकर उसने सुसाइड नोट लिखा है। वो काफी होनहार लड़का था, बिना किसी दबाव के ऐसा कर ही नहीं सकता है।

**पुलिस जल्द सभी पहलुओं पर करेगी पूछताछ- विवेचक:** इस मामले में पाली थाने के प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह राजपूत का कहना है कि, प्रेम-प्रसंग में युवक ने सुसाइड किया है। उसके साथ मौजूद दोस्त से पूछताछ की गई है। परिजन अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में व्यस्थ थे। अब आकर शिकायत करेंगे, तो आगे कार्रवाई की जाएगी। लड़की से भी पूछताछ की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## घर के अंदर मिली क्लर्क की लाश

### शराब पीने का आदी था युवक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में घर के अंदर एक युवक की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि 3-4 दिन से घर बंद था। घर से बदबू आने पर पड़ोसियों को शक हुआ, फिर पुलिस को जानकारी दी। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक युवक का नाम दुर्गेश यादव (38) है। शासकीय नवीन कॉलेज में क्लर्क के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

**दुर्गेश मृत अवस्था में पड़ा हुआ था:** बताया जा रहा है कि 20 सितंबर को संजय कोसले घर के बाहर से दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगा रहा था। अंदर कोई जवाब नहीं मिला। साथ ही तेज बदबू आ रही थी। शंका होने पर नवागढ़ पुलिस को सूचना दी गई। मौके पुलिस टीम पहुंची। खिड़की से देखने पर पता चला कि दुर्गेश मृत अवस्था में पड़ा हुआ है।

मृतक के परिजनों को फोन में घटना की जानकारी दी गई । परिजन भी मौके पर पहुंचे। देखने पर शव 3-4 दिन पुराना था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि दुर्गेश यादव शराब पीने का आदी था।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक वह सुबह शाम नशे में डूबा रहता था। साथ ही मिर्गी की बीमारी थी। पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस इसके बाद ही खुलासा कर सकेगी। साथ ही पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# बिजली गिरने से चरवाहे की मौत

## पेड़ के नीचे खड़ा था तभी चपेट में आया, 23 सितंबर से फिर बरसात



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** दंतेवाड़ा में बिजली गिरने से फुलपाड़ निवासी (55) एक चरवाहे की मौत हो गई। शख्स बकरी चराने गया था तभी बारिश शुरू हो गई। पानी से बचने के लिए वो पेड़ के नीचे खड़ा हो गया था, इसी दौरान वो बिजली की चपेट में आ गया।

प्रदेश में दो दिन बाद फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। 23 सितंबर से रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के जिलों में भारी बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से होकर एक द्रोणिका गुजर रही है, जिसकी वजह से 23 सितंबर से उत्तर-पश्चिम और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जिसके असर से बारिश हो सकती है।

**मानसून सीजन को अब करीब 10 दिन बाकी हैं:** 1 जून से 20 सितंबर तक प्रदेश में 1158 मिमी बारिश हो चुकी है। यह मानसून कोटे (1139.4) से 1.63 फीसदी ज्यादा है। वहीं 20 सितंबर तक की औसत वर्षा (1095.9) से 6 फीसदी ज्यादा है। मानसून के लिहाज से अब तक अच्छी बारिश हो चुकी है।

## दुर्ग सेंट्रल जेल में कैदी की मौत

### परिजनों का हंगामा, सिपाही से धक्का-मुक्की, महिला ने जड़े थप्पड़, मॉर्चुरी का तोड़ा दरवाजा

**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग सेंट्रल जेल में शुक्रवार को गांजा तस्करी केस में बंद कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद शनिवार को परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पीएम हाउस का दरवाजा तोड़ दिया। जब सिपाही ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ भी धक्का-मुक्की की।

गृहमंत्री विजय शर्मा भी आज दुर्ग केंद्रीय जेल पहुंचकर जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि, जेल का मुआयना किया। बताया जा रहा है कि, 26 अक्टूबर 2023 से सुंदरजीत जेल में बंद था। वहीं, साल 2022 और 2023 में प्रदेश के अलग-अलग जेलों में करीब 147 बंदियों की मौत हुई है।

**जेल में अचानक बिगड़ी कैदी की मौत:** पद्मनाभपुर थाना प्रभारी अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि, सुपेला उडियापारा निवासी बंदी सुंदरजीत जाल (26) की मौत की सूचना दुर्ग सेंट्रल जेल से उन्हें मिली थी। शुक्रवार की सुबह सवा 6 बजे वो बिस्तर से उठा और अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई।

### स्कूटी और बाइक की टक्कर...युवक की खोपड़ी बाहर

## खैरागढ़ हादसे में 2 की हालत गंभीर, राजनांदगांव स्टेट हाइवे पर हुआ भीषण सड़क हादसा



**मीडिया ऑडीटर, खैरागढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले में तेज रफ्तार स्कूटी और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसा राजनांदगांव स्टेट हाइवे पर खैरागढ़ के सोनेसरार में हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक शाम तकरीबन 6:40 बजे खैरागढ़ की ओर से तेज रफ्तार में स्कूटी सवार युवक जा रहे थे। वहीं बाइक सवार 2 युवक दपका से खैरागढ़ की ओर आ रहे थे। इस बीच हादसे का शिकार हो गए। सड़क पर खून ही खून बिखरा पड़ा है।

**युवक की खोपड़ी आ गई बाहर:** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भयावह थी कि स्कूटी सवार युवक की ऑन द स्पॉट डेथ हो गई। बताया जा रहा है कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण युवक की खोपड़ी बाहर निकल गई। बाइक सवार देवराज जोशी (20) बाज़गुड़ा निवासी के सिर में भी गंभीर चोट आई है, जिसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भर्ती कराया गया है।

**मृतक की पहचान नहीं हो सकी:** वहीं बाइक पर पीछे बैठे 15 साल के नाबालिग गगन कुर्रे निवासी ग्राम दपका भी घायल हुआ है, जिसका इलाज सिविल अस्पताल खैरागढ़ में किया जा रहा है। हादसे की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी, जिसके बाद घायलों सहित लाश को सिविल अस्पताल लाया गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की जांच की जा रही है।

### स्वच्छता ही समृद्धि का द्वार है : श्याम बिहारी जायसवाल

# सामुदायिक सहभागिता से ही स्वच्छ स्वस्थ जीवन की परिकल्पना हो सकती है



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल जी ने "स्वच्छता ही सेवा" अभियान की शुरुआत करते हुए "एक पेड़ माँ के नाम" रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी अनिवार्य है। स्वच्छ परिवेश और स्वच्छ पर्यावरण ही समृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य का आधार होते हैं। आगे माननीय मंत्री जी ने जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कुंजी है।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता का सीधा संबंध आर्थिक विकास, सामाजिक उत्थान और लोगों के समग्र कल्याण से है। यदि हम अपने गांव, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखते हैं, तो न केवल बीमारियों से बचाव होता है, बल्कि यह पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देता है। जन समस्या निवारण शिविर के समय स्वास्थ्य मंत्री ने सभी उपस्थित गणमान्य लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति हमारी सजगता और श्रमदान से ही हम एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे इस अभियान में कदम से कदम मिलाकर चलें और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह ,जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनमती उर्रे, कलेक्टर डी राहुल वेंकट , परियोजना निर्देशक नितेश कुमार उपाध्याय एवं जिले के अन्य अधिकारीगण, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया।

## तिरुपति मंदिर प्रबंधन बोला- प्रसाद अब पवित्र

**अमरावती ( एजेंसी )।** तिरुपति मंदिर के 300 साल पुराने किचन में रोजाना 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। तिरुमाला ट्रस्ट हर साल प्रसादम से सालाना 500 करोड़ रुपए कमाता है। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डूओं की पवित्रता विवाद के बीच मंदिर प्रबंधन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा कि प्रसादम अब पूरी तरह से शुद्ध और पवित्र है। इसे आगे भी रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उधर टीडीपी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने घी में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होने की बात मानी है। शुक्रवार, 20 सितंबर को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लड्डू जिस घी से बनाए जा रहे थे, उसके सैंपल्स के 4 लैब रिपोर्ट्स में इसकी पुष्टि हुई है। राव ने कहा कि मंदिर प्रबंधन के पास अपनी लैब नहीं थी। घी सप्लायर एआर डेयरी फूड्स ने इसका फायदा उठाया। इस बीच शनिवार को केंद्र और राज्य सरकार में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारी तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एआर डेयरी फूड्स की फैक्ट्री में जांच करने पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वाराणसी में कहा- %कल रात मेरे कुछ सहयोगी बाबा विश्वनाथ धाम गए थे। रात में मुझे बाबा का प्रसादम दिया, तो मेरे मन में तिरुमाला की घटना याद आई। मेरा मन थोड़ा खटका। हर तीर्थ स्थल में ऐसी घटिया मिलावट हो सकती है। हिंदू धर्म के अनुसार ये बहुत बड़ा पाप है। इसकी ढंग से जांच हो।%

## ओडिशा में आर्मी अफसर की मंगेतर का यौन उत्पीड़न मामला

**भुवनेश्वर ( एजेंसी )।** ओडिशा के भुवनेश्वर में आर्मी ऑफिसर से मारपीट और उसकी मंगेतर के यौन उत्पीड़न के मामले से जुड़े वीडियो सामने आए हैं। इनमें दोनों कई युवकों से घिरे नजर आ रहे हैं। विवाद हो रहा है। युवक महिला से कहते दिख रहे हैं- ये दिल्ली नहीं है। हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सभी के बीच बहस, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की होती नजर आ रही है। घटना 15 सितंबर की रात करीब 1 बजे की बताई गई है। महिला के मुताबिक, वो अपना रेस्टोरेंट बंद करके आर्मी ऑफिसर के साथ भुवनेश्वर लौट रही थी। रास्ते में युवकों ने उसके साथ बदसलूकी की, मारपीट की। महिला का आरोप है कि जब हम लोग घटना की शिकायत करने भरतपुर थाने गए तो वहां पुलिसकर्मियों ने हमारे साथ बदसलूकी की। आर्मी अफसर को लॉकअप में बंद कर दिया गया। पुलिसकर्मियों ने मेरे कपड़े उतारे और मेरा यौन उत्पीड़न किया। पहला वीडियो पीड़ित महिला~ सर, मैं आपसे बात नहीं कर रही हूं, मैं उन लोगों से बात कर रही हूं जो मेरे साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश कर रहे हैं। ये मेरी कार है, चाहे मैं अपने पैर दिखाऊं, अपने बाल दिखाऊं, कुछ भी दिखाऊं...आप कौन हो? यह मेरा विशेषाधिकार है।

## खड़गे ने कहा- जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाएंगे

**जम्मू-कश्मीर ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य को इससे पहले कभी केंद्र शासित प्रदेश नहीं बनाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि हम पीएम मोदी और भाजपा से पूछना चाहते हैं कि जब आपके पास पूरी शक्ति है, तो आपने अब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया है।

# आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम बनीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा (43 साल) सीएम हैं। इससे पहले केजरीवाल 45 साल की उम्र में ष्टरूबने थे। आतिशी बतौर महिला सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद दिल्ली की तीसरी महिला सीएम हैं। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं। आतिशी ने शिक्षा, पीडब्लयूडी और वित्त समेत 13 विभाग अपने पास रखे। वहीं, सौरभ भारद्वाज को हेल्थ समेत 8 प्रमुख विभाग का जिम्मा दिया गया। आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आप विधायकों ने



17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम ष्टरूके रूप में फाइनल किया था। शपथ ग्रहण समारोह में आतिशी के माता-पिता, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, विपक्ष के नेता विजेन्दर गुप्ता, भाजपा सांसद मनोज तिवारी शामिल हुए। शपथ के बाद आतिशी बोली- केजरीवाल को दोबारा सीएम बनाएंगे आतिशी ने कहा- अरविंद केजरीवाल ने इस देश की राजनीति में ईमानदारी और नैतिकता की मिसाल कायम करते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। मुझे नहीं लगता पूरी दुनिया में ऐसा कोई नेता रहा होगा। हम सभी दिल्ली वालों को फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को फिर से सीएम बनाना है। केजरीवाल और सिसोदिया की भरोसेमंद केजरीवाल और सिसोदिया के जेल में रहते हुए पार्टी का मजबूती से स्टैंड रखती रही हैं।

## राहुल ने सीए एना की फैमिली से बाचतीत की

**पुणे ( एजेंसी )।** अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया की 26 साल की चार्टर्ड अकाउंटेंट एना सेबेस्टियन की 20 जुलाई को मौत हो गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, एना की मौत वर्कलोड के चलते कार्डियक अरेस्ट से हुई। राहुल गांधी ने शनिवार को एना की फैमिली से वीडियो कॉल पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को जरूर उठाएंगे।

राहुल ने चेयरमैन प्रवीण चक्रवर्ती को निर्देश दिया कि एना की स्मृति में एक जागरूकता अभियान शुरू किया जाए, जिससे नौकरी करने वाले लोगों के हितों की रक्षा हो सके। राहुल ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही कॉर्पोरेट पेशेवरों लेकर एक हेल्पलाइन नंबर जारी करेगी। इसमें काम के तनाव और



वर्क कल्चर से संबंधित मुद्दों पर बात की जा सकेगी। इससे कॉर्पोरेट क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की समस्याओं को खत्म किया जा सकेगा। थरूर बोले- हफ्ते में 5 डे वर्किंग का प्रस्ताव संसद में रखूंगा केरल से कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने शनिवार को अन्ना सेबेस्टियन के पिता से बात की। थरूर ने कहा कि वह संसद के अगले सेशन में यह मुद्दा उठाएंगे। मैं संसद में सरकारी और निजी ऑफिस में हफ्ते में 5 दिन की वर्किंग और 8 घंटे हर दिन के लिए कैलेंडर जारी करने की सिफारिश करूंगा। वर्कप्लेस पर अमानवीयता करने वालों को कड़ी सजा दी जाए। यहां मानव अधिकारों का उल्लंघन न हो। जुलाई 2024 में हुई थी एना की मौत केरल की रहने वाली सीए एना ने 19 मार्च को अर्न्स्ट एंड यंग कंपनी जॉइन की। 6 जुलाई को जब एना के माता-पिता उससे मिलने पुणे आए तो उसने सीने में दर्द की शिकायत की। डॉक्टर को दिखाने पर पता चला कि ऑफिस वर्कलोड के चलते एना परेशान थी। एना के पेरेंट्स का कहना है कि उनकी बेटी डॉक्टर से मिलने के बाद ऑफिस लौट गई थी।

## नितिन गडकरी बोले- राजा ऐसा हो, जो आलोचना झेल सके

**पुणे ( एजेंसी )।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजा (शासक) को ऐसा होना चाहिए कि कोई उसके खिलाफ बात करे, तो उसे बर्दाश्त करे। आलोचनाओं का आत्मचिंतन करे। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा होती है। गडकरी ने ये बातें पुणे में शुक्रवार को एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कही। गडकरी ने कहा कि साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और कवियों को अपने विचार खुलकर और दृढ़ता से व्यक्त करने चाहिए। आजकल राजनीति में जो हो रहा है, वह दूसरी जगहों (विदेशों में) पर भी हुआ है। वहां पार्टियों का अस्तित्व तक खत्म हो गया।

मैंने ऑफर ठुकराया केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 14 सितंबर को कहा था कि एक बार एक नेता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने की पेशकश की थी। हालांकि गडकरी ने यह ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है। गडकरी ने कहा- 'मुझे एक घटना याद है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगाञ उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप प्रधानमंत्री बनते हैं, तो हम समर्थन करेंगे। मैंने उनसे पूछा कि आप मेरा समर्थन क्यों करेंगे

## सुप्रीम कोर्ट बोला- राजनीति में संवेदनशील नहीं हो सकते

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन से कहा कि राजनीति में आप संवेदनशील नहीं हो सकते। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने 19 सितंबर की सुनवाई के दौरान मुरुगन के वकील ने कहा, इस मामले में मानहानि का सवाल ही कहां है? ट्रस्ट के वकील ने मामले में स्थगन की मांग की थी। ट्रस्ट के वकील की अपील पर मामले की सुनवाई 4 हफ्ते बाद होगी। कोर्ट ने मुरासोली ट्रस्ट से भी जवाब मांगा था। मामला दिसंबर 2020 का है, जब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुरुगन ने चेन्नई की मुरासोली ट्रस्ट के खिलाफ आरोप लगाया था कि मुरासोली तमिलनाडु में दलितों के लिए बनी जमीन पर चल रहा है। मुरुगन ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी मुरुगन ने मद्रास हाईकोर्ट के 5 सितंबर 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा था- मुरुगन ने आम जनता की नजर में मुरासोली ट्रस्ट की प्रतिष्ठा खराब करने के लिए बयान दिए थे। हालांकि मुरुगन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि मानहानि का बयान ट्रस्ट के खिलाफ नहीं दिया गया था, इसलिए कोई मामला नहीं बनता। 27 सितंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया था।

## मणिपुर में म्यांमार से 900 कुकी उग्रवादी घुसे

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में म्यांमार से 900 कुकी उग्रवादियों की घुसपैठ की बात सामने आई है। राज्य के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने शुक्रवार, 20 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से उग्रवादियों की आवाजाही की खबरें मिल रही हैं। सुरक्षा सलाहकार के मुताबिक, खुफिया एजेंसियों ने बताया है कि घुसपैठी उग्रवादी ड्रोन बम, प्रोजेक्टाइल, मिसाइल और गोरिल्ला युद्ध में ट्रेंड हैं। ये 30-30 लोगों के ग्रुप में हैं और अलग-अलग क्षेत्रों में छिपे



हुए हैं। कुलदीप सिंह ने कहा, उग्रवादी 28 सितंबर के आसपास मैतेई गांवों पर हमले कर सकते हैं। हमले की आशंका के बीच चुराचांदपुर, तेंगनौपाल, उखरुल, कामजोंग और फेरजॉल समेत कई जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## हरियाणा में भाजपा कैंडिडेट के ड्राइवर से 50 लाख बरामद

**सोनीपत ( एजेंसी )।** हरियाणा के सोनीपत में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार से 50 लाख रुपए कैश बरामद किया है। कार में 2 युवक सवार थे, जिनमें से एक जींद के भाजपा प्रत्याशी कृष्ण मिड्?ढा का ड्राइवर हैप्पी है और दूसरा उनका करीबी कालू उर्फ सुरेंद्र आहूजा है। दोनों नोएडा से कैश लेकर आ रहे थे। पुलिस के सामने दावा किया गया है कि ये 50 लाख रुपए प्लाट की रजिस्ट्री के लिए हैं। आचार संहिता लगने के बाद 50 हजार रुपए से ज्यादा की राशि बिना प्रूफ के ले जाने पर पाबंदी है। पुलिस ने कार से नोटों की 20 गड्डी (बंडल) बरामद की हैं और प्रत्येक गड्?डी में 500 रुपए के 500 नोट थे। सोनीपत में ये पहला मौका है जब आचार संहिता लागू होने के बाद एक साथ इतना कैश पकड़ा गया है। शंका है कि इस राशि का प्रयोग चुनाव में होना था। मामले में आगे की जांच इनकम टैक्स विभाग द्वारा की जाएगी। फिलहाल जांच टीम ने ये रुपए ट्रैज़री में जमा करवा दिए हैं। जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट है और जगह जगह नाकाबंदी की गई है। पुलिस की स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने गोहाना रोड बाईपास से एक कार की चेकिंग की तो इसमें से नोटों से भरा हुआ बैग निकला।

## गुजरात में भी ट्रेन बेपटरी करने की साजिश

**गुजरात ( एजेंसी )।** गुजरात के सूरत में शुक्रवार रात किम रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ की गई। कुछ अनजान लोगों ने अप लाइन की पटरी से फिश प्लेट और कीज हटा दी थी। उन्हें उसी पटरी पर रख दिया था। साथ ही रेलवे पटरियों को जोड़ने वाले 71 ताले भी हटा दिए थे। स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी मिलने पर अप स्टेशन सुपरिटेंडेंट ने की-मैन सुभाष कुमार को सतर्क कर दिया। ट्रैक की जांच की गई तो पता चला कि किसी ने ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रची थी। इसके बाद रूट को बंद कर दिया गया। हालांकि थोड़ी ही देर में नई फिश प्लेट लगने के बाद रेलवे सेवा फिर से शुरू कर दी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रामपुर तालुका से करीब 43 किलोमीटर दूर रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रुद्रपुर सिटी सेक्शन के रेलवे इंजीनियर राजेंद्र कुमार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## नेपाल से आए हाथी यूपी में मचा रहे तबाही



**लखीमपुर ( एजेंसी )।** 7,880 वर्ग किलोमीटर में फैला यूपी का सबसे बड़ा जिला लखीमपुर अब हाथियों की चुनौती से जूझ रहा है। नेपाल के शुक्ला फाटा जंगल से आने वाले ये हाथी गन्ने और धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं, रोकने या भगाने की कोशिश करने पर ये हमला कर देते हैं। हाथियों ने पिछले साल 2 लोगों को पटककर मार डाला। कई लोग हमले में घायल भी हुए। पहले ये हाथी 30 से 50 दिन तक रहते थे और वापस चले जाते थे। अब फरवरी-मार्च तक यहीं रहते हैं। हाथियों ने तमाम घरों को भी नुकसान पहुंचाया। जिनका नुकसान हुआ उन्होंने वन विभाग को लिखकर दिया, लेकिन सालभर बाद भी मुआवजा नहीं मिला। 12 सितंबर को हाथियों का एक झुंड मैलानी-भीरा रेलवे ट्रैक पार कर लखीमपुर में आ गया। हाथियों के इस झुंड में 10 से ज्यादा हाथी हैं। इसमें कई बहुत छोटे हैं। ये हाथी अभी मैलानी वन रेंज के जंगल में हैं। हाथियों से जुड़ा वीडियो सामने आया तो किसान परेशान हो गए।

## जस्टिस संजीव खन्ना सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद होंगे अगले चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चंद्रचूड़ इस साल नवंबर में रिटायर होने वाले हैं। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं, जिनमें इलेक्टोरल बॉन्ड और अन्य मामलों के निर्णय शामिल हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी और लगभग दो साल की सेवा के बाद, वे 10 नवंबर 2024 को रिटायर होंगे। इस समय, लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि अगला सीजेआई कौन बनेगा? सीजेआई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद, जस्टिस संजीव खन्ना अगले सीजेआई के रूप में पदभार संभालेंगे। वे 11 नवंबर 2024 को भारत के 51वें सीजेआई के रूप में पदस्थ होंगे।

जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने हाल ही में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक की अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट की परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत का सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश भारत का मुख्य न्यायाधीश बनता है। इस परंपरा के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना अगले सीजेआई बनने के लिए सबसे वरिष्ठ हैं। हालांकि, उनका कार्यकाल केवल छह महीने का होगा, और वे मई 2025 में रिटायर हो जाएंगे।



जस्टिस संजीव खन्ना का जन्म 14 मई 1960 को नई दिल्ली में हुआ था। उनके पिता, जस्टिस देव राज खन्ना, दिल्ली हाई कोर्ट के जज के रूप में रिटायर हुए, जबकि उनकी मां, श्रीमती सरोज खन्ना, दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज में हिंदी की लेक्चरार थीं। जस्टिस संजीव खन्ना ने अपनी स्कूली शिक्षा नई दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से पूरी की और 1977 में स्कूल पास करने के बाद, दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की।

इसके बाद, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय के कैंपस लॉ सेंटर (सीएलसी) से कानून की पढ़ाई की। जस्टिस संजीव खन्ना ने जनवरी 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति प्राप्त की। उनकी सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति विवादास्पद रही थी क्योंकि उनके मुकाबले उम्र और अनुभव में 33 अन्य न्यायाधीश वरिष्ठ थे। हालांकि, इस विवाद के बाद मामला शांत हो गया। सुप्रीम कोर्ट में उनकी नियुक्ति से पहले, वे दिल्ली हाई कोर्ट में 14 वर्षों तक न्यायाधीश रहे। जस्टिस खन्ना को कराधान और वाणिज्यिक कानूनों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है और उन्होंने पिछले दो दशकों में कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, जस्टिस खन्ना ने दिल्ली हाई कोर्ट में अतिरिक्त लोक अभियोजक और न्यायालय द्वारा न्याय मित्र के रूप में कई आपराधिक मामलों में बहस की थी। अप्रैल 2024 में, जस्टिस खन्ना ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में डाले गए वोटों के क्रॉस-वैरिफिकेशन के लिए वोटर वेरिफ़िएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ एक याचिका पर भी सुनवाई की थी।

## जूनियर डॉक्टरों का बड़ा आरोप- आरजी कर अस्पताल में मंगाई जाती थीं घटिया दवाएं, गई कई मरीजों की जान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डर केस लगातार चर्चा में बना हुआ है। इस केस में एक के बाद एक नया खुलासा हो रहा है। इसी बीच आरजी कर अस्पताल के कुछ जूनियर डॉक्टरों ने शिकायत की है कि अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के कार्यकाल में निम्न गुणवत्ता की दवाएं मंगाई गईं। उनका आरोप है कि इसके जरिए करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की गई है। डॉक्टरों का कहना है कि ये निम्न गुणवत्ता की एंटीबायोटिक दवाएं काम नहीं करतीं, जिसके कारण कई मरीजों की मौत हुई है, जब उन्होंने संदीप घोष से इस मामले की शिकायत की, तो उन्हें परीक्षा में फेल करने और जान से मारने की धमकी दी गई। इन जूनियर चिकित्सकों ने अपनी शिकायत स्वास्थ्य विभाग को भी भेजी है। स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम का कहना है कि जब भी ऐसी शिकायतें मिली हैं, संबंधित दवाओं की जांच कराई गई है, लेकिन किसी भी बार गलत रिपोर्ट नहीं मिली है।

इस मामले में अब स्वास्थ्य विभाग को गहरी जांच की आवश्यकता है ताकि सच्चाई सामने आ सके और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, संदीप घोष के घर पर की गई तलाशी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। इनमें एक आरटीआई और आरोप पत्र की 288 पन्नों की कॉपी शामिल है। इसके साथ ही 730 पन्नों का टेंडर दस्तावेज भी बरामद किया गया है। संदीप घोष के घर से 510 पन्नों की एक गोपनीय रिपोर्ट भी मिली है, जो उनके खिलाफ गठित जांच कमेटी द्वारा तैयार की गई थी। अब सीबीआई यह जांच कर रही है कि ये दस्तावेज संदीप घोष के घर पर कैसे पहुंचे। इसके अलावा, यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# बांग्लादेश के सामने 515 रन का लक्ष्य, भारत को जीत के लिए 6 और विकेट की दरकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत के लिए पंत ने 109 और शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की जिसकी बदौलत भारत ने कल के स्कोर तीन विकेट पर 81 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 287 रन पर पारी घोषित की। भारत के पास कुल 514 रन की बढ़त हो गई जिससे बांग्लादेश को 515 रन का दुरुह लक्ष्य मिला। इससे पहले बांग्लादेश की टीम दूसरे टीम 149 रन पर आउट हो गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 158 रन बना लिए थे। जब खराब रोशनी के कारण खेल चार बजकर 25 मिनट पर ही रोकना पड़ा। बांग्लादेश को अभी भी हार को टालने के लिए 357 रन बनाने हैं और पूरे दो दिन का खेल पाकी है। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (51) और शाकिब अल हसन (5) क्रीज पर हैं। बांग्लादेशी बल्लेबाज अगर स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को संभलकर खेलते तो उनकी स्थिति बेहतर हो सकती थी। अश्विन ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए। तीसरे दिन का खेल गिल और पंत के नाम रहा।

दोनों युवा बल्लेबाज व्यक्तिगत स्तर पर चुनौतियों से जूझते हुए पारंपरिक क्रिकेट की कसौटी पर खरे उतरे। दिसंबर 2022 में कार हादसे के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले पंत ने छठा टेस्ट शतक सिर्फ 124 गेंद में पूरा किया। उन्होंने किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक के अपने थाला महेंद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। पंत ने 109 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं गिल ने पांचवां टेस्ट शतक जड़ते हुए 176 गेंद की अपनी पारी में दस चौके और चार छक्के जड़े



## शुभम गिल ने ठोका टेस्ट करियर का 5वां शतक, विराट कोहली को पछाड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का बल्ला जोरदार बोला है। चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में गिल ने अपने टेस्ट करियर का 5वां शतक जड़ा है। इसके साथ ही गिल ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे अधिक शतक जमाने वाले भारतीयों की लिस्ट में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। ये गिल की ङ्घङ्मष्ट में पांचवीं सेंचुरी है। इस शतक के साथ ही गिल अब विराट कोहली, पंत और मयंक अग्रवाल से आगे निकल गए हैं। इन तीनों के नाम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 4-4 शतक हैं। शुभमन गिल का ये साल 2024 में तीसरा टेस्ट शतक है। वह इस साल क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने इस साल 2-2 टेस्ट सेंचुरी लगाई है। गिल ने इसी के साथ साल 2022 से इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में बाबर आजम को पछाड़ दिया है।

गिल का 2022 से ये 12वां शतक है, वहीं बाबर 11 शतक के साथ दूसरे पायदान पर हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में शुभमन गिल का 5वां शतक है, वह डब्ल्यूटीसी में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। इस लिस्ट में रोहित शर्मा टॉप पर हैं।

## ऋषभ पंत ने बांग्लादेश की फील्डिंग की सेट, लोगों को याद आए एमएस धोनी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। शनिवार को मैच के तीसरे दिन ऋषभ पंत और शुभमन गिल के बीच बेहतरीन पार्टनरशिप देखने को मिली। वहीं इसी दौरान ऋषभ पंत का ऐसा वीडियो सामने आया, जिसे देखकर हंसी रोक पाना मुश्किल है। दरअसल, तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान पंत बांग्लादेश की फील्डिंग सेट करते नजर आए। पंत की आवाज स्टम्प माइक पर रिकॉर्ड हो गई। वो गेंदबाज को फील्डर कहां लगाना है ये बताते हुए दिखे। ये वीडियो देखकर फैंस को एमएस धोनी की याद आ गई, उन्होंने भी एक बार बांग्लादेश के खिलाफ ऐसा ही कुछ किया था। बता दें कि, पंत का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें वे ये कह रहे हैं कि भाई एक फील्डर इधर मिडविकेट पर आएगा। दिलचस्प बात ये है कि बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने पंत की सलाह पर मिडविकेट पर फील्डर भी लगा दिया। पंत के इस वीडियो पर फैंस भी कमेंट कर रहे हैं। वहीं 2019 के वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में एमएस धोनी ने भी इस टीम की फील्डिंग सेट की थी। पंत ने चेन्नई टेस्ट से ही रेड बॉल क्रिकेट में वापसी की है। उन्होंने दूसरी पारी में अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया है। पंत ने 638 दिन बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में फिफ्टी जड़ी है। उन्होंने 88 गेंद में अपने पचास रन पूरे किए।

## विकेट से मदद नहीं मिलने पर घरेलू क्रिकेट में अपनाई रणनीति का सहारा लिया-बुमराह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को यहां खुलासा किया कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पिच से मदद नहीं मिलने के बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में खेलते समय अपनाई रणनीति का सहारा लिया जो आखिर में कारगर साबित हुई। बुमराह ने विकेट से मदद नहीं मिलने के बावजूद बांग्लादेश की पहली पारी में 50 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद आधिकारिक प्रसारक से कहा, ''मेरे पास इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं था क्योंकि जब मैं लेंथ पर गेंद कर रहा था तो उससे कोई फायदा नहीं हो रहा था। इसके अलावा गेंद रिवर्स भी नहीं हो रही थी।'' बुमराह ने कहा, ''इसलिए मुझे कुछ नया करने की जरूरत थी। जब विकेट से मदद नहीं मिल रही हो फिर एक गेंदबाज के रूप में आपको कुछ प्रयोग करने पड़ते हैं। इसलिए मैंने उन रणनीति को आजमाया जिनका उपयोग में घरेलू क्रिकेट में खेलते समय करता था। आज यह रणनीति कारगर साबित हुई और इस प्रयोग से मुझे मदद मिली।

## ऋषभ पंत नहीं छोड़ेंगे दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी, टॉप रिटेंशन को लेकर आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को लेकर पिछले काफी समय से अटकलें लग रही हैं कि वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स का दामन थाम सकते हैं। पंत लंबे समय से दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। वह फ्रेंचाइजी के कप्तान भी हैं, पंत ने रविवार को इंडिया वर्सेस बांग्लादेश पहले टेस्ट में शानदार सेंचुरी जमाई जिसके बाद एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि पंत डीसी को नहीं छोड़ेंगे। वह मेगा ऑक्शन से पहले टॉप रिटेंशन चॉइस होंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पंत को दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन किया जाना तय है, जिससे टीम के साथ उनके भविष्य को लेकर अटकलों पर विराम लग गया




है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने अभी तक रिटेंशन नियमों की घोषणा नहीं की है। हालांकि, दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों ने बताया कि पंत फ्रेंचाइजी की टॉप रिटेंशन चॉइस होंगे। मुंबई में पंत और को-ऑर्नर पार्थ जिंदल के बीच हाल ही में हुई मीटिंग के बाद ये निर्णय लिया गया।

पंत की आईपीएल सैलरी फिलहाल 16 करोड़ रुपये है। ये आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। पंत आईपीएल 2016 से दिल्ली फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने दिल्ली की ओर से ही आईपीएल डेब्यू किया था। डीसी आईपीएल 2024 में छठे स्थान पर रही थी। वह कार एक्सीडेंट के कारण आईपीएल 2023 में नहीं खेले थे।

## 6 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे हार्दिक पंड्या! रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए आ सकते हैं नजर



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 23 नवंबर 2024 से पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज होगा। इस सीरीज में टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टेस्ट में वापसी कर सकते हैं। हार्दिक पंड्या ने आखिरी बार 6 साल पहले टेस्ट मैच खेला था। चोटों से परेशान, भारत के टॉप ऑलराउंडर मुख्य रूप से सफेद गेंद के फॉर्मेट के खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अब गौतम गंभीर के नए युग में हार्दिक पंड्या लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहीं कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, पंड्या रणजी ट्रॉफी की तैयारी कर रहे हैं और उन्हें ऑस्ट्रेलिया परिस्थितियों को देखते हुए बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चुना जा सकता है। फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। जिसके बाद टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। फिर इसके बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर खेली जाने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का शामिल होना बेहद अहम हो सकता है। बता दें कि, भारतीय टीम में पेस विभाग में कुछ अच्छे विकल्पों की आवश्यकता है। बुमराह और सिराज फिट हैं, मोहम्मद शमी के फिट होकर भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीहीज में वापसी करने की उम्मीद है। वहीं अगर हार्दिक पंड्या फिट हो जाते हैं और घरेलू सेटअप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें भी प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है।

## केएल राहुल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए 8000 रन पूरे, खास बल्लेबाजों की लिस्ट में हुए शामिल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश के खिलाफ जारी पहले टेस्ट मुकाबले में दूसरी पारी में केएल राहुल को बल्लेबाजी करने का ज्यादा मौका तो नहीं मिला, लेकिन इस दौरान उन्होंने 22 रन की अहम पारी खेली। साथ ही राहुल ने एक खास उपलब्धि भी हासिल कर ली है, वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 8 हजार रन बनाने वाले खास बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। केएल राहुल भारतीय टीम के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में 2014 से शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने देश के लिए 200 मुकाबले खेले हैं, इस बीच उनके बल्ले से 228 पारियों में 39.49 की औसत से 8017 रन निकले हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में राहुल के नाम 17 शतक और 54 अर्धशतक दर्ज हैं। यहां उन्होंने अबतक कुल 767 चौके और 184 छक्के लगाए हैं। राहुल के बल्ले से ये रन 76.82 की स्ट्राइक रेट से आए हैं।

## दूसरी पारी में भी रोहित-कोहली रहे फ्लॉप, भारत ने बनाई 308 रन की बढ़त



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। चेन्नई टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 376 रनों पर सिमट गई है। इसके जवाब में भारतीय गेंदबाजों के आगे बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 149 रन ही बना सकी। भारत को पहली पारी के आधार पर 227 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली फ्लॉप साबित हुए। जहां रोहित शर्मा ने महज 5 रन बनाए, वहीं यशस्वी जायसवाल खराब शॉट खेलकर आउट हो गए। यशस्वी ने 17 गेंद में 10 रन बनाए। विराट कोहली अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन 20वें ओवर में एलबीडब्ल्यू हो गए। कोहली ने 37 गेंद में 17 रन बनाए। विराट कोहली अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन 20वें ओवर में एलबीडब्ल्यू हो गए। कोहली ने 37 गेंद में 17 रन बनाए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल (33) और ऋषभ पंत (12) क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने 308 रनों की बढ़त बना ली है। इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में शादमान इस्लाम को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद आकाश दीप ने जाकिर हसन और मोमिनउल हक का शिकार एक ही ओवर में किया। लंच ब्रेक के बाद मोहम्मद सिराज ने शांतो को आउट कर बांग्लादेश को चौथा झटका दिया। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने मुशफिकुर को अपना शिकार बनाया। रविंद्र जडेजा ने दो सेट बल्लेबाज लिटन दास और शाकिब अल हसन के रूप में दो बड़ी मछलियां फंसा बांग्लादेश की कमर तोड़ दी। बुमराह ने टी-ब्रेक से पहले हसन को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इसके बाद तीसरे सेशल में बुमराह ने तस्कीन को क्लीन बोल्ड किया। सिराज ने नाहिद राणा को क्लीन बोल्ड करके बांग्लादेश की पहली पारी का अंत किया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 4, सिराज-जडेजा और आकाश दीप को 2-2 विकेट मिले। बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए।

## पंत-गिल के शतकों से भारत ने बांग्लादेश के सामने रखा 515 रन का लक्ष्य

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऋषभ पंत ने शतक के साथ टेस्ट क्रिकेट में वापसी की जबकि शुभमन गिल ने भी शतक जमाकर लाल गेंद के क्रिकेट में अपना दबदबा फिर साबित किया जिससे पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारत ने बांग्लादेश पर शिकंजा कस लिया है। चाय के समय बांग्लादेश ने 515 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बिना किसी नुकसान के 56 रन बना लिये हैं।

भारत ने कल के स्कोर तीन विकेट पर 81 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 287 रन पर पारी घोषित की। चाय के समय शादमान इस्लाम 21 और जाकिर हसन 32 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के लिये पंत ने 109 और शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाये। दिसंबर 2022 में कार हादसे के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले पंत ने छठा टेस्ट शतक सिर्फ 124 गेंद में पूरा किया। उन्होंने किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक के महेंद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। पंत ने 109 रन बनाये जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं गिल ने पांचवां टेस्ट शतक जड़ते हुए 176 गेंद की अपनी पारी में दस चौके और चार छक्के जड़े। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 217 गेंद में 167 रन जोड़े। पंत ने छठा टेस्ट शतक पूरा होने के बाद आंखें बंद करके ऊपर देखते हुए हवा में बल्ला लहराया। शायद वह ईश्वर को क्रिकेट के मैदान पर वापसी या उस हादसे के बाद एक तरह से पुनर्जन्म के लिये धन्यवाद दे रहे थे। गिल दूर से उन्हें देखते रहे और उसके बाद दोनों ने एक दूसरे को गले लगाया।



गिल ने पंत की तरह भले ही शारीरिक समस्यायें नहीं झेली हो लेकिन मानसिक रूप से वह भी आत्मविश्वास के लिये जूझ रहे थे। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक लगाकर उन्होंने अपने आलोचकों को जवाब दिया। बांग्लादेश की टीम दूसरे दिन 149 रन पर आउट हो गई थी।

# धर्म, संस्कृति और आध्यात्म से ही भारत को मिलेगा विश्व गुरू का दर्जा : शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने किया आध्यात्मिकता और राष्ट्र निर्माण उद्बोधन श्रृंखला का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आजादी के 100वें वर्ष 2047 में भारत विकसित देश बनने के साथ ही अपनी संस्कृति, धर्म और आध्यात्म से विश्व गुरू का दर्जा हासिल करेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल शनिवार को सतना के टाउन हाल में आध्यात्मिकता और राष्ट्र निर्माण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय उद्बोधन श्रृंखला का शुभारंभ कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर योगेश ताम्रकार ने की और मुख्य वक्ता के रूप में अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर (छत्तीसगढ) के कुलगुरू आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी उपस्थित रहे।






गुरू परंपरा के अंतर्गत कुलगुरू कुंभ के अवसर पर विश्वभर आध्यात्म एवं विज्ञान संस्थान और भारतीय संस्कृति एवं स्वदेशी सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आध्यात्मिकता और राष्ट्र निर्माण विषयक उद्बोधन श्रृंखला का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, म.प्र. कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, श्रीकांत महेश्वरी, मणिकांत महेश्वरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता पंकज सिंह परिहार, कुलगुरू महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि प्रो. भरत मिश्रा, अवधेश प्रताप सिंह विवि राजकुमार आचार्य, रानी दुर्गावती विवि के पूर्व कुलगुरू कपिल देव मिश्रा, एकेएस विश्व विद्यालय के कुलाधिपति बीपी सोनी सहित मध्यप्रदेश और अन्य प्रांतों से आये शिक्षाविद गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेज गति से प्रगति कर रहा है। देश की अर्थव्यवस्था जो दुनिया में 11वें स्थान पर होती थी। वर्तमान में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में 5वें पायदान पर है और वह दिन दूर नहीं जब हम आगामी 5 वर्षों में अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे स्थान पर होंगे। आजादी के 100वें साल में हमारा भारत देश एक विकसित राष्ट्र बनकर अपने धर्म, आध्यात्म और संस्कृति के बल पर विश्व गुरू के स्थान पर होगा और पूरी दुनिया को दिशा देगा। शुक्ल ने कहा कि कभी-कभी आर्थिक स्थिति की सुदृढता गलत दिशा में भी ले जाती है। उन्होंने कहा कि नई पीढी अक्सर आर्थिक सुदृढता में संस्कृति और आध्यात्म से दूर होकर मार्ग से भटक जाती है। हमारे देश में भगवान राम और कृष्ण ने जन्म लिया है तो हम भारतवासी अपने धर्म और आध्यात्म से अलग नहीं हो सकते। दुखी मानवता को देखकर दुखित होना, घायल और बीमार को मानवीय भावना से अस्पताल पहुंचाकर इलाज करना भी आध्यात्मिकता है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नव निर्माण और प्रगति में विकास और परिश्रम की पराकाष्ठा की है। उन्होंने देश की चतुर्दिक प्रगति के साथ धर्म और आध्यात्म की पुर्नस्थापना में अतुलनीय योगदान किया है। बिना आध्यात्म के भारत को विश्व गुरू का दर्जा दिलाने का कार्य नहीं हो सकता। हमारे धर्म, हमारा ज्ञान, हमारी आस्था और मेहनत विकास की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाते हैं और विश्व में शांति और कल्याण की दिशा में आगे बढते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के देशों में भी भारत के प्रति विश्वास जागा है कि विश्व में परस्पर देशों की लडाई को खत्म करने और शांति का पैगाम देने का कार्य सिर्फ भारत देश ही कर सकता है। इस अवसर पर आयोजक संस्था द्वारा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को आचार्य श्रेष्ठ जन सेवा सम्मान से अलंकृत भी किया गया।

## नफीस बस कंडक्टर से मारपीट घायल फरियादी ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत के मुताबिक कल्लू उर्फ मेवा लाल सोनी पिता कोदू लाल सोनी उम्र 54 साल निवासी संग्राम कॉलोनी सतना जिला सतना के साथ मारपीट किए जाने का मामले की रिपोर्ट थाना मजगामा में दर्ज कराई गई लेकिन आरोपियों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्यवाही न किए जाने से पीड़ित ने सपा को शिकायती पत्र दिया है बताया गया कि नफीस बस नंबर एमपी 19 11-13 में सवारी लेकर चित्रकूट से सतना आ रहा था तभी कथित आरोपी पिंडरा निवासी शैलेंद्र पांडे उर्फ चीनी पांडे वसीडी सिंह ने बस रोक कर गाली गलौज शुरू करते हुए मारपीट की बताया गया कि कथितआरोपियों से जब विवाद व मारपीट करने की वजह पूछी गई तो बताया गया कि नफीस बस के कंडक्टर द्वारा गत दोनों विवाद किया गया था जबकि फरियादी उसे बस में नहीं था उसके बावजूद कथित आरोपियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा गया कि अब इस लाइन में नफीस बस नहीं चलेगी फरियादी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कथित आरोपियों के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की है यहां पर बता दें कि कथितआरोपी पिंडरा स्टेशन में आए दिन किसी न किसी से विवाद करते रहते हैं।

## प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा युवाओं हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत कौशल विकास के विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसी कड़ी में आज आसपास के बेरोजगार युवाओं के कौशल उन्नयन हेतु ड्राइविंग ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ सीनियर वाइस प्रसीडेंट (एचआरएम एंड कारपोरेट अफेयर्स) मनीष कुमार सिन्हा द्वारा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के कौशल विकास केन्द्र में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों के 50 युवकों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देकर, सफल प्रशिक्षण उपरांत निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाये जायेंगे जिससे वे प्रशिक्षण उपरांत स्वाबलंबन की ओर कदम बढ़ा सकें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीनियर वाइस प्रसीडेंट (एचआरएम एंड कारपोरेट अफेयर्स) मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उददेश्य स्वावलंबन के विकास में मदद करना है इसीलिये प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा ऐसे कार्यक्रम अनवरत आयोजित किये जा रहे है। कंपनी प्रबंधन का मानना है कि छोटे छोटे प्रयास ही मिलकर एक बड़ी सफलता में परिवर्तित होते है। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड का यह प्रयास है कि हम अपने आस पास के क्षेत्र के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचकर उसे स्वाबलंबी बनने कि प्रक्रिया में शामिल होने तक इस मुहिम को अनवरत चलाते रहेंगे। स्वरोजगार एक बहुत ही अच्छा विकल्प है जिसमें हम खुद के साथ औरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुये प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क एवं सीएसआर देवेन्द्र मिश्रा ने कंपनी द्वारा आसपास के क्षेत्र में सीएसआर अंतर्गत किये गये कार्यों के बारे बताते हुये कहा कि अभी तक कंपनी नें 2,004 युवक - युवतियों को प्रशिक्षण देकर उनको स्वालंबी बनाने का कार्य किया है और आगे भी यह श्रृंखला जारी रहेगी।

## लटागांव में पकडा 5 लाख 30 हजार मूल्य का गांजा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा और मादक पदार्थों के संग्रहण और परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी विभाग मरकाम ने बताया कि मैहर के सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गठित आबकारी दस्ते ने शनिवार को थाना बदेरा जिला मैहर के ग्राम लटागांव के बंधा टोला में आकस्मिक जांच के दौरान रिहायसी मकान से विक्रय हेतु रखा गया 53 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है। जप्त किये गये गांजे का मूल्य लगभग 5 लाख 30 हजार रूपये है। संबंधित रिहायसी मकान के रहवासी को आरोपी बनाकर एनपीडीएस एक्ट 1985 की धारा 8/20बी के अंतर्गत गिरफ्तारी कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।



## स्वच्छता ही सेवा है राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

### स्वच्छता ही सेवा है एवं स्वच्छ सतना लक्ष्य अपना के लगे नारे



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत सतना शहर को स्वच्छ, सुंदर, कचरा मुक्त एवं स्वच्छता द्वारा बेहतर शहरी स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत किडजी एवं यूनिक किड्स स्कूल रीवा रोड सतना सतना में जागरूकता कार्यक्रम इं.धर्मेंद्र सिंह परिहार नगर पालिक निगम सतना के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमें मोना जोली(डायरेक्टर), रिचा तिवारी, रश्मि खरे, आर्या गौतम, मानसी अग्रवाल, शिखा श्रीवास्तव, शिवांशी द्विवेदी, प्रवीण सिंह, माया, अर्पिता, रीना, ज्योति तथा अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

सभी से सतना को स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिलाने में अपनी अपनी सहभागिता निभाने का अनुरोध किया गया तथा कचड़ा चार भागों में गीला, सूखा, सेनेटरी तथा घरेलू हानिकारक अलग-अलग -निर्धारित हरी डस्टबिन व नीली डस्टबिन में गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक कचड़ा कलेक्शन (मांगने वाली) गाड़ी को देने का अनुरोध किया गया।

फल और सब्जी के छिलकों से होम कंपोस्टिंग करने का सभी से अनुरोध किया गया तथा सभी को मटका विधि से होम कंपोस्टिंग करने की विधि बताई गई। सभी से 4 आर अपनाने यानी कचरे की मात्रा को रिड्यूस,रीयूज, रीसाइकिल तथा सिंगल यूज़ पॉलीथिन को रिफ्यूज अर्थात इस्तेमाल न करने का अनुरोध किया गया! इंजीनियर धर्मेंद्र सिंह द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर मोना जोली द्वारा इंजीनियर धर्मेंद्र सिंह के प्रति आभार ज्ञापित किया गया तथा सभी से धर्मेंद्र सिंहजी द्वारा बताई गई जानकारी का पालन करने का अनुरोध किया गया।

## रिवर्स लेते समय बस ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

### पैदल जा रहा था बुजुर्ग, सतना के इंडस्ट्रियल एरिया में हुआ हादसा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के कोलगवां थाना अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार दोपहर हुए एक सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे ड्राइवर को पकड़ कर पब्लिक ने उसकी धुनाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक, कोलगवां कोतवाली अंतर्गत शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में अम्बे ट्रेवल्स की बस नंबर एमपी 19 पी 2856 के पहियों तले कुचल जाने से एक बुजुर्ग राहगीर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि बस ड्राइवर संदीप शुक्ला पिता मोहन लाल शुक्ला (30) निवासी ग्राम बडहा ,देवेंद्रनगर जिला पन्ना बस को रिवर्स कर रहा था। उसके साथ क्लीनर अथवा कोई अन्य सहयोगी भी नहीं था। उसी वक्त वहां से बुजुर्ग राहगीर गुजर रहा था। बस का धक्का लगने से बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़ा और बस के पहिए उसके सिर के ऊपर से गुजर गए। बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर वहां से भाग निकला लेकिन स्थानीय लोगों ने उसका पीछा कर लिया और एक गोदाम के अंदर से पकड़ कर उसकी पिटाई शुरू कर दी।



## जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वामी विवेकानंद आवासीय योग शोध संस्थान नागौद एवं स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल नागौद के संयुक्त तत्वाधान में आज 22 सितंबर को जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता प्रातः कालीन 9 बजे से प्रारंभ होगी प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए स्कूल की संचालिका शशि सिंह, विजय पाल सिंह, योग संघ के अध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव, अतुल उपाध्याय एवं विजय सर ने सभी को शुभकामनाएं प्रदान की हैं।




## स्वच्छता अभियान के तहत मैहर जिले में रैली निकालकर दिया गया स्वच्छता का संदेश




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ की उपस्थिति में वृहद रूप से सफाई अभियान चलाया गया। मैहर जिले के घंटाघर चौक से कटरा बाजार चौराहा, जैन मंदिर, काली मंदिर, चंडी माता मंदिर होते हुए घंटाघर में रैली का समापन किया गया। इस दौरान नगर पालिका द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए चालानी कार्यवाही भी की गई। सभी दुकानदारों को प्रतिष्ठान में उपयोग हेतु डस्टबिन दिया गया। इस मौके पर सीएमओ लालजी ताम्रकार, पार्षद अशोक चौबे, आकाश अग्रवाल, मनोज शुक्ला, दीप्ति सिंह, रुचि शुक्ला, कल्पना सिंह, अनिकेत पाल, अंकित चतुर्वेदी सहित एनजीओ एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कार्यकाल में कुशल प्रशासनिक क्षमता और दक्षता का परिचय दिया : कलेक्टर

## सिटी एसडीएम नीरज खरे को दी गई भावभीनी विदाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले से ठीक 3 वर्ष बाद इंदौर के लिए स्थानांतरित सिटी एसडीएम और संयुक्त कलेक्टर नीरज खरे को उनके कार्यकाल में व्यवहार, कुशलता और प्रशासनिक दक्षता का स्मरण करते हुए राजस्व एवं पुलिस तथा संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर अनुराग वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवेश सिंह बघेल, सीएसपी महेन्द्र सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगड़े, सेवा निवृत्त एसडीएम एसके गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, जिला संयोजक आदिम जाति कमलेश्वर सिंह, जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह, तहसीलदार सौरभ मिश्रा सहित नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।






कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि एसडीएम सिटी नीरज खरे ने सतना जिले के 3 वर्षीय कार्यकाल में कुशल, प्रशासनिक क्षमता और दक्षता का परिचय दिया। निर्वाचन के दौरान रिटर्निंग आफीसर की पंचायत, नगरीय निकाय विधानसभा और लोकसभा चुनाव में एआरओ की भूमिका का कुशलतापूर्वक दायित्व निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि सिटी एसडीएम के पास अपने विभागीय कार्यों के साथ कानून और व्यवस्था, प्रोटोकॉल एवं अन्य व्यवस्थाओं के भी बहुत सारे कार्य दायित्व होते हैं। पुलिस और विभागीय समन्वय से हर सौंपे गये कार्य का कुशलता से निष्पादन संयुक्त कलेक्टर खरे ने किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह ने कहा कि सिटी एसडीएम के रूप में कानून एवं व्यवस्था तथा रिटर्निंग आफीसर की भूमिका में खरे का पुलिस के साथ समन्वय बेमिसाल रहा है। विपरीत परिस्थितियों में भी एसडीएम खरे को कभी तनाव में नहीं देखा गया। एसडीएम राहुल सिलाडिया ने कहा कि संयुक्त कलेक्टर नीरज खरे के कार्यकाल में नवागत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और राजस्व विभाग के हर कर्मचारी को सीखने का अवसर मिला। स्थानांतरित एसडीएम नीरज खरे ने कहा कि अपने तीन वर्षीय कार्यकाल में सतना में अपनी दायित्वों के कुशलतापूर्वक निर्वहन में कलेक्टर महोदय का निर्देशन और विश्वास का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सतना टीम के सहयोग से निर्वाचन के दायित्वों को भलीभांति निर्वहन में सहायता मिली।

इस मौके पर सीएसपी महेंद्र सिंह, सेवा निवृत्त एसके गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, जिला नाजिर रामलखन वर्मा, लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ और पटवारी संघ की ओर से बृजेश निगम ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए स्थानांतरित एसडीएम नीरज खरे को शुभकामनाएं दी।

## सतना जिले में अब तक 761.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 सितंबर 2024 तक 761.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 1149.7 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 501.6 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 757.5 मिमी, बिरसिंहपुर में 886 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 558 मि.मी., नागौद में 1026.1 मि.मी., जसो (नागौद) में 349 मि.मी. एवं उचेहरा में 861.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 591.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।